हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026

तापमान
अधिकतम 29.5 डिग्री
न्यूनतम 12.6 डिग्री

12 सम्पवेल की सफाई और पाइपलाइन मरम्मत से दूर हुई गंदे पानी की समस्या



13 शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ती रहें लेकिन बेटे भी पीछे न रहें : भूपेश बघेल





## खबर संक्षेप

### चिट्टा के साथ युवक को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** अवैध रूप से चिट्टा रखने वाले युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि सी. मार्केट पावर हाउस भिलाई के पास मुखबिर से सूचना मिली कि अवैध रूप से मादक पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) बेचने वालो युवक यहां सक्रिय है। मौके पर पहुंची पुलिस ने अरमान अंसारी नामक युवक को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 4 ग्राम हेरोइन जब्त किया। जिसकी कीमत 80 हजार रुपए आंकी गई है।

### प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि डिपरा पारा दुर्ग निवासी संजय गुप्ताने शिकायत किया कि दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पास वह खड़ा था। तभी आरोपी गोगो उर्फ सौरभ यादव अपनी एक्टिवा वाहन में बैठने के लिए कहा। पीड़ित ने इंकार करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर जेब से धारदार हथियार निकालकर सीने एवं बाएं हाथ पर प्राण घातक हमला कर फरार हो गया था।

### महिला से छेड़खानी करने वाले को दो साल की कैद

**दुर्ग।** उतई थाना अंतर्गत ग्राम महकाकला में तालाब के पास महिला से छेड़खानी करने वाले को न्यायालय ने 2 साल कैद और 500 रुपए के अर्थदंड सें दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे 6 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अनुसूचित जाति जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम) के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश के विनोद कुजूर ने यह फैसला सुनाया। प्रकरण के मुताबिक घटना 26 जनवरी 2024 की है। महिला नहाकर लौट रही थी। तभी दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आरोपी प्रेमचंद यादव ने महिला से छेड़खानी की। मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया। प्रकरण के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपी को धारा 354 में 2 साल की कैद, 500 रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मामले में शासन के तरफ से पैरवी विशेष लोक अभियोजक लक्ष्मी साहू ने की।

### अवैध शराब के साथ युवक पुलिस पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध शराब के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर शराब बेचने की शिकायत मिली। पेट्रोलिंग पार्टी ने घेराबंदी युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवबलौदा निवासी नरेश रात्रे बताया है। आरोपी के पास से 30 पौवा देशी शोले शराब कुल 5.400 बल्क लीटर, 3 हजार रुपए का जब्त किया। एक अन्य मामले में कुम्हारी पुलिस ने कोहका निवासी मलकीत सिंह रंधावा उर्फ सोनू को गिरफ्तार किया है।

## आईआईटी भिलाई ने गंदे पानी को साफ करने नई तकनीक की विकसित

### वैज्ञानिकों ने प्राकृतिक स्रोत का उपयोग कर खोज निकाला उपाय, पेटेंट कराने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक नई पर्यावरण-अनुकूल सामग्री विकसित की है, जो दूषित पानी से हानिकारक प्रदूषकों को हटाने में मदद कर सकती है।औद्योगिक कचरे के कारण पानी का प्रदूषण भारत में एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिससे साफ और सुरक्षित पानी तक पहुँच दिन-प्रतिदिन कठिन होती जा रही है। जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन और राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन जैसे राष्ट्रीय कार्यक्रमों के समर्थन में कौशिक माहात, निशिकांत सिंह, दुर्गेश कुमार सिन्हा, स्वरूप मैती और डॉ. संजीब बेनार्जी की शोध टीम ने यह अमीनो अम्ल-आधारित हाइड्रोजेल तैयार किया है। इस सामग्री की खास बात यह है कि यह कमरे के तापमान पर अपने-आप बन जाती है और इसमें किसी भी हानिकारक रसायन या उत्प्रेरक की आवश्यकता नहीं होती। इससे यह प्रक्रिया अधिक सुरक्षित, सरल और टिकाऊ बनती है। यह शोध कार्य विश्व-प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय पत्रिका वेली वीसीएच में भी प्रकाशित हुआ है।

#### ऐसे होगी प्रदूषित पानी की जांच

शोध टीम के मुताबिक यह हाइड्रोजेल स्पंज जैसी संरचना वाला होता है, जिससे यह औद्योगिक अपशिष्ट जल में मौजूद जहरीले रंगों को आसानी से सोख लेता है। इसका परीक्षण न केवल प्रयोगशाला में किया गया, बल्कि वास्तविक रूप से प्रदूषित नदी के पानी में भी किया गया, जहाँ इसने बेहतरीन परिणाम दिखाए। यह सामग्री कई बार इस्तेमाल की जा सकती है, विभिन्न आकारों में ढाली जा सकती है और उपयोग के बाद प्राकृतिक रूप से नष्ट हो जाती है, जिससे आगे किसी प्रकार का प्रदूषण नहीं होता।





#### प्राकृतिक स्रोत से बनी सामग्री का उपयोग

इस शोध का नेतृत्व करने वाले डॉ. संजीब बेनार्जी ने बताया आज पानी को साफ करने वाली कई सामग्री ऐसे रसायनों से बनी होती हैं जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचा सकती हैं। हमारा शोध यह दिखाता है कि प्राकृतिक स्रोतों से बनी सामग्री भी पानी को प्रभावी ढंग से साफ कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए सुरक्षित हैं।

#### इस तरह होंगे फायदे

- प्रदूषित पानी की सफाईः अपशिष्ट जल से हानिकारक कार्बनिक प्रदूषकों को हटाती है।
- पर्यावरण-अनुकूलः प्राकृतिक सामग्री से बनी, बिना जहरीले रसायनों के सुधार करती है।
- वास्तविक उपयोग में सफलः प्रदूषित नदी के पानी में प्रभावी और बार-बार उपयोग योग्य।
- पर्यावरण के लिए सुरक्षितः जैव-अपघटनीय हाइड्रोजेल लंबे समय तक पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाते।
- पर्यावरण : अनुकूल डिजाइन और मजबूत जल-शोधन क्षमता के साथ, यह नई सामग्री भविष्य में अपशिष्ट जल उपचार समाधान प्रस्तुत करती है।
- औद्योगिक प्रदूषण का समाधान : विशेष रूप से औद्योगिक प्रदूषण से प्रभावित क्षेत्रों के लिए। यह शोध भारत के स्वच्छ जल, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लक्ष्यों को मजबूत करता है।

### आरोपी ही बना सरकारी गवाह, पीडब्लूडी के बड़े अफसरों की भूमिका भी संदिग्ध

## गैंगरेप के फरार आरोपियों की कुंडली खंगाल रही पुलिस, राजू कश्यप की संपत्ति की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नाबालिग के साथ अनाचार और गैंगरेप के मामले में जिले के तीन रसूखदारों को पुलिस अब तक नहीं पकड़ पाई है। खबर है कि आरोपियों को पहले से ही पुलिस की कार्रवाई की जानकारी हो गई थी। इसके कारण ही पुलिस में अपराध दर्ज होते ही आरोपी भाग निकले। पुलिस सूत्रों की मानें तो सांसद के निज सहायक रहे नेहरू नगर निवासी भीमनारायण पाण्डेय, सेक्टर 5 निवासी कृपा शंकर उर्फ राजू कश्यप और वैशाली नगर निवासी ठेकेदार संजय पंडित को महिला पुलिस थाने से अपराध दर्ज होने की जानकारी पहले मिल गई थी। एक महिला पुलिस कर्मी ने इसकी जानकारी आरोपियों को लीक कर दी थी। इसके बाद से तीनों रसूखदार फरार हैं। एसएसपी विजय अग्रवाल ने इस तरह की किसी भी बात से इंकार किया है। पीडब्ल्यूडी विभाग के बड़े अफसर पर भी अनाचार के गंभीर आरोप दो-तीन साल पहले लग चुका है। इसके अलावा नाबालिग के साथ अनाचार का मामला सुर्खियों में आने के बाद विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मी तक की सांसे फूल रही है। आरोपी बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित के संपर्क में पीडब्ल्यूडी के कई कर्मी हैं। कर्मियों के मोबाइल नंबर को ट्रेस कर पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। बताया जाता है कि घटना में कुछ आरोपियों को सरकारी गवाह बनाने की तैयारी है। बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित रसूखदारों में गिनती में आते हैं।

### राजू कश्यप की बिलासपुर में भी जमीन, रिकॉर्ड तलाश रही पुलिस







#### संजय पंडित पीडब्लूडी का बड़ा ठेकेदार

पुलिस ने बताया कि आरोपी राजू कश्यप का करोड़ों रुपए का कारोबार जिले में फैला रखा है। बिलासपुर में भी कई जमीन होने की जानकारी मिली है। इसके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच भी चल रही है। इस तरह के अपराधियों को पुलिस में इनके कई आका हैं, इस तरह के पुलिस कर्मियों की भी जांच होनी चाहिए। संजय पंडित पीडब्ल्यूडी का बड़ा ठेकेदार है। बीएन पाण्डेय, राजू कश्यप और संजय पंडित की इतनी तगड़ी तिकड़ी है कि कुछ भी काम तीनों मिलकर ही करते आए हैं। बहरहाल पुलिस इन तीनों को कुंडली खंगाल रही है। मामले में जल्द ही बड़े खुसाने की आशंका जताई जा रही है।

#### राजू ने युवती को दिया था शादी का प्रलोभन

जानकारी के मुताबिक आरोपी पीडब्ल्यूडी टाइम कीपर राजू कश्यप ने जब युवती 22 साल की हुई तो उसे शादी करने का भी झांसा दिया था। युवती पीडब्ल्यूडी में डेलीविजेस में काम लगाया गया। फिर उसे काम पर आने के लिए मना कर दिया गया। युवती को 15 दिनों का वेतन दिया जाता था। उसके बाद 15 दिन का अफसर खुद ही रकम हजम कर लेते थे। आरोपी राजी कश्यप ही एक ऐसा व्यक्ति है कि अपने परिवार वालों के नाम ही कई संपत्ति अर्जित कर रखा है। जिसकी जांच शुरु हो गई है। राजू के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कवायद तेज कर दी है। पुलिस की तीन टीम आरोपियों को पकड़ने दीगर राज्यों का चक्कर लगा रही है।

#### राजू पर विभागीय कार्रवाई तेज

बताया गया है कि आरोपी राजू कश्यप पर पीडब्ल्यूडी में टाइम कीपर के रूप में पदस्थ है। विभाग को जानकारी लगने के बाद इसके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई हो सकती है। पीडब्ल्यूडी में इसका इतना जलवा है कि काम पर रोज आ रहा है या नहीं इसका कोई जिम्मेदार अधिकारी पूछता तक नहीं है।बीएन पाण्डेय के एक कॉल से विभाग चुप्पी साथ लेते थे, जिसका सारा लाभ राजू को मिला है। नाबालिग आठ सालों से न्याय के लिए भटकती रही है। पुलिस कार्रवाई के बाद तीनों रसूखदार फरार है। बहरहाल पुलिस आरोपियों के परिचितों पर नजर रखे हुए है। उनके मोबाइल नंबर भी ट्रेस किए जा रहे हैं। इधर खबर है कि फरार आरोपी अग्रिम जमानत के लिए कोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी में है। इस वजह से पुलिस ने कोर्ट के आसपास बल की तैनाती की है।

#### खोजबीन जारी है



अलग-अलग टीम बनाकर खोजबीन की जा रही है। आरोपियों की सारी जानकारियां पुलिस जुटा रही है। संदिग्धों से पूछताछ भी की जा रही है। इसमें कई को पुलिस ने पकड़ा भी है। अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है। फिलहाल विवेचना की जा रही है।
**-विजय अग्रवाल,** एसएसपी दुर्ग

## टाउनशिप में हेलमेट और सीट बेल्ट अब अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट और सीट बेल्ट को जरुरी कर दिया है। बीएसपी के ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों के साथ जन-जागरूकता बैठक हुई। श्रमिक संगठनों ने अभियान में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है। ट्रैफिक नियमों के प्रभावी पालन के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ऑपरेशन सुरक्षा को लेकर दो पहिया चालकों द्वारा हेलमेट, चार पहिया चालकों को अब सीट बेल्ट लगाना जरुरी हो गया है।

इसे लेकर सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल में बैठक हुई। जिसमें कर्मचारियों, श्रमिकों में ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर ट्रेड यूनियन पदाधिकारी पहुंचे। संयंत्र परिसर एवं भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए श्रम संगठन सहयोग का आश्वासन दिया। ट्रैफिक पुलिस द्वारा सेक्टर क्षेत्रों के प्रमुख चौक-चौराहों पर नियमित चेकिंग अभियान संचालित किए जाने की जानकारी भी दी। बैठक में ट्रेड यूनियन पदाधिकारियों द्वारा दुर्ग पुलिस की इस पहल का स्वागत किया। पुलिस आम नागरिकों एवं औद्योगिक संस्थानों के कर्मचारियों से अपील करती है कि वे स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए ट्रैफिक नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें। हेलमेट एवं सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन रक्षक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। इस दौरान सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी समेत अन्य मौजूद थे।

### गांजा के साथ पकड़ाए व्यक्ति पर 10 हजार का अर्थदंड

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना अंतर्गत खदान पारा में 1.890 किलोग्राम गांजे के पकड़े गए डॉन पिता खिलावन देवार (50 वर्ष) को न्यायालय ने जेल में बिताए 1 माह 9 दिन की सजा से दंडित किया।

साथ ही 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। विशेष न्यायाधीक्ष पीएस मरकाम के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण के मुताबिक घटना 6 नवंबर 2025 को शाम करीब साढ़े 5 बजे की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके पास से गांजा जब्त किया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां केस के विचारण के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध पाया गया। विशेष लोक अभियोजक सूरज शर्मा ने मामले में शासन के तरफ से पैरवी की।

## अंतिम संस्कार को लेकर दो समुदायों में विवाद

**भिलाई।** शव को लेकर दो समुदाय आमने सामने आने का मामला सामने आया है। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची।मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम जंजगिरी में एक महिला के निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर तनाव की स्थिति बन गई।

दफनाने की जगह को लेकर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। मामला इतना बढ़ गया कि गांव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल को तैनात करना पड़ा। गांव के एक परिवार की महिला का निधन हो गया था। परिवार के लोग महिला को उसी स्थान पर दफनाना चाहते थे, जहां उनके पूर्वजों को वर्षों से दफनाया जाता रहा है। लेकिन जांच में सामने आया कि वह जमीन अब निजी स्वामत्वि में है और उसे दूसरे व्यक्ति को बेचा जा चुका है। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कतिपय संगठनों के लोग पहुंचे और निजी जमीन पर दफनाने का विरोध कर दिया। उन्होंने मांग की कि निजी स्वामित्व वाली भूमि पर किसी भी प्रकार का अंतिम संस्कार न किया जाए। विरोध के चलते गांव में माहौल तनावपूर्ण हो गया। जिसके बाद पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभाल लिया। पाटन एसडीओपी अनूप लकड़ा ने बताया कि स्थिति को देखते हुए दोनों पक्षों से बातचीत की गई, समझाइश दी गई है। बहरहाल पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## बिजली खंभा लगाने के दौरान फूटा पाइप, दो वार्डों में जल संकट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

हुडको क्षेत्र में 33 केवी विद्युत लाइन के लिए खंभा गाड़ने के दौरान लापरवाही सामने आई है। मुख्य पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने से दो वार्डों में जल संकट की स्थिति निर्मित हुई है।

जानकारी के अनुसार प्रोजेक्ट डिविजन से संबंधित विद्युत ठेकेदार द्वारा विगत 3 फरवरी को हुडको पानी टंकी के पास नगर निगम से बिना एनओसी लिए और किसी जिम्मेदार अधिकारी को सूचना दिए बिना मशीन से खुदाई की गई। इससे मुख्य जल आपूर्ति लाइन की डीआई पाइप लाइन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना के कारण क्षेत्र के दो वार्डों में आज पूरे दिन जल आपूर्ति ठप रही। वहीं पाइप फटने से आसपास का इलाका जलमग्न हो गया। हैरानी की बात यह है कि घटना के एक दिन बाद भी संबंधित विभाग द्वारा पाइपलाइन संधारण का कोई कार्य प्रारंभ नहीं किया गया, जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोगों ने बताया कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने अधीक्षण अभियंता, प्रोजेक्ट डिविजन छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी भिलाई से मांग की है कि क्षतिग्रस्त जल पाइपलाइन का तत्काल संधारण कराया जाए।

### बीएलओ पहुंच रहे मतदाताओं के घर, आधी अधूरी जानकारी ने बढ़ाई परेशानी

## एसआईआर को लेकर दिक्कत बरकरार, 13 तक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

मतदाता सूची 2003 का गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। लगातार लोग प्रशासनिक दफ्तर और रिटर्निंग अफसरों के चक्कर काट रहे हैं। बावजूद इसके उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हो रहा है। खास बात यह है कि उन्हें स्पष्ट जानकारी भी उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। बता दें कि पहले जिला निर्वाचन ने 2003 और 2025 की स्थिति के मतदाता परिचय पत्र लिए, जिनके पास 2003 के मतदाता परिचय पत्र नहीं थे, उनके पिता, जन्म प्रमाण से लेकर अन्य दस्तावेजी साक्ष्यों को जमा लिया गया। इसके आधार पर पात्र-अपात्र की सूची जारी की गई। वर्तमान में जिन मतदाताओं को पात्र मान लिया गया था, उनमें से अधिकांश लोगों को नोटिस भेजा जा रहा है। इसमें कहा जा रहा है कि 2003 और 2025 की मतदाता सूची में दर्ज नाम में अंतर है। राज्य निर्वाचन ने 29 जनवरी को इसे लेकर आदेश जारी किया है, इसके अंतर्गत ऐसे लोगों को बुलाकर उनके नाम का सत्यापन किया जाना है। इस वजह से नोटिस जारी जा रहा है। मतदाता परेशान हो रहे हैं। इधर 13 फरवरी तक मतदाता सूची का सत्यापन किया जाना है। इस वजह से लोगों की चिंता बढ़ गई है।

- **नोटिस पहुंचने से मतदाता संशय में, निराकरण नहीं**



#### 10 दिन के भीतर आपत्ति दर्ज कराना आवश्यक

अधिकारियों ने बताया कि प्रभावित मतदाता सूची प्रदर्शित होने की तिथि से 10 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियां या दस्तावेज जमा कर सकते हैं। यह प्रक्रिया व्यक्तिगत रूप से या अधिकृत प्रतिनिधि (बीएलए ) के माध्यम से पूर्ण की जा सकती है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रभावित मतदाताओं को न केवल दस्तावेज जमा करने, बल्कि व्यक्तिगत सुनवाई का भी अवसर दिया जा रहा है। 1 जनवरी 2026 के आधार पर पुनरीक्षण किया जा रहा है।

#### 21 फरवरी को होना है मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

बता दें कि 21 फरवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार और सर्वोच्च न्यायालय के 29 जनवरी 2026 के आदेश के परिपालन में दुर्ग जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार जिन मतदाताओं के नाम तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आए हैं, वे 13 फरवरी तक अपना सत्यापन अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा विसंगति की श्रेणी में आने वाले मतदाताओं के नाम ग्राम पंचायत भवनों, तहसील कार्यालयों, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों और शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में प्रदर्शित कर दिए गए हैं। मतदाता इन स्थानों पर जाकर सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं।



## खबर संक्षेप



### समाजसेवी संस्थाओं को की आर्थिक मदद, पुस्तक का भी विमोचन

दुर्ग। नव दृष्टि फाउंडेशन के वरिष्ठ सदस्य सत्येन्द्र राजपूत ने अपनी पत्नी शारदा राजपूत की पंचम पुण्यतिथि को यादगार बनाने एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस दौरान सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्थाओं में रक्तदान, देहदान, नेत्रदान, शरीर दान के लिए समर्पित नवदृष्टी फाउंडेशन को 11 हजार, मां शक्ति मंदिर समिति को मंदिर को पुनः निर्माण के लिए 11 हजार, राजपूत क्षत्रिय महासभा छत्तीसगढ़ को मुख्यालय भवन निर्माण के लिए 11 हजार, कदम संस्था को पर्यावरण क्षेत्र में कार्य के लिए 11 हजार, जन समर्पण संस्था को 11 हजार और 2 ट्राइसिकल प्रदान कर समाज सेवा का संदेश दिया।पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने गमले में लगे फलदार नींबू के पौधे भी सभी उपस्थित जनों को दिया गया। दिवंगत शारदा के जीवन वृतांत, सामाजिक योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र राजपूत ने एक पुस्तक मेरी अधूरी कहानी का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में राजपूत समाज के प्रदेश अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, नरेन्द्र सिंह ठाकुर, पंकज भूवाल, अशोक ठाकुर, रश्मि सिंह, जनार्दन सिंह, पंकज सिंह, विनय सिंह, मनीष सिंह, अनिमेष सिंह आर्यन सिंह, आयुष सिंह, आदित्य सिंह, नवदृष्टि से कुलवंत भाटिया, राज आढतिया, रितेश जैन, हरमन दुलाई आदि मौजूद थे।

### वर्धमान गुरुकुल नगपुरा के संगीत शिक्षक खेमलाल को स्वर्ण पदक




दुर्ग। श्री उवसग्गहरं पार्श्व तीर्थ परिसर में संचालित वर्धमान गुरुकुल नगपुरा के संगीत शिक्षक खेमलाल श्रीवास को इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ द्वारा 2-2 स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। बीपीए लोक संगीत में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए खेमलाल को स्व. हजारी पटेल स्मृति स्वर्णपदक एवं खुमानलाल साव स्वर्णपदक विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया। यह स्वर्णपदक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के 17 वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल रमेन डेका के कर कमलों से उच्चशिक्षा मंत्री टेकराम वर्मा, अनुज शर्मा, कुलपति डॉ. लवली शर्मा की समृद्ध उपस्थिति में प्रदान किया गया। खेमलाल श्रीवास की इस उपलब्धि पर आरोग्यम् के डॉ. दानेश्वर टंडन, डॉ. आदित्य उपाध्याय, डॉ. दिव्या रात्रे, व्याख्ता खिलेश साहू, प्राचार्य गणेश देशमुख, देवकुमार निषाद, वर्धमान गुरुकुल के शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों ने बधाई दी।

### कक्षा द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह मनाया

दुर्ग। कक्षा द्वादश के भैया बहनों का दीक्षांत समारोह सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर दीप मंत्र के साथ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय की प्राचार्य कृपा शर्मा ने किया।

# सम्पवेल की सफाई और पाइपलाइन मरम्मत से दूर हुई गंदे पानी की समस्या




हरिभूमि में 3 फरवरी को प्रकाशित की गई थी खबर।

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

रायपुर नाका के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में गंदे पानी की सप्लाई और पानी में कीड़े होने की शिकायत का निराकरण हो गया है। निगम के जलकार्य विभाग ने पहले संपवेल की सफाई की। इसके बाद लीकेज पाइपलाइन का मेंटेनेंस कराया। इसके बाद समस्या का निराकरण हो गया।

महापौर अलका बाघमार और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश और जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन के मार्गदर्शन में यह सुधार कार्य किया गया। इससे पहले जलकार्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने मिली शिकायत का स्थल निरीक्षण किया। टीम हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय के समीप स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पहुंची, जहां मौखिक शिकायत एवं व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से पानी की गुणवत्ता को लेकर हुई शिकायत की जांच की गई। जांच के बाद मेंटेनेंस का काम किया गया।

## रायपुरनाका क्षेत्र की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में गंदे पानी की शिकायत का हुआ निराकरण

### घंटों की मशक्कत के बाद मिला लीकेज, कराया गया संधारण

शिकायत प्राप्त होने पर सबसे पहले कॉलोनी परिसर स्थित सम्पवेल की विधिवत सफाई कराई गई। घरों के पानी के सैम्पल लिए गए। उनका परीक्षण कराया गया। इसकी रिपोर्ट सामान्य आई। इसके बाद सम्पवेल के समीप पाइपलाइन लीकेज की शिकायत प्राप्त होने पर जलगृह विभाग के कर्मचारियों द्वारा तत्काल कॉलोनीवासियों से संपर्क कर लीकेज की मरम्मत कार्य पूर्ण कराया गया। वर्तमान में कॉलोनीवासियों द्वारा गंदे पानी अथवा पानी में कीड़े पाए जाने संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।



### शहर में कई जगहों पर लीकेज प्रभारी ने दिए सर्वे के निर्देश

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने बताया कि शहर के 60 वार्डों में कई जगहों पर लीकेज की समस्या है। इस समस्या के निराकरण के लिए सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। इसके बाद लीकेज संधारण और वॉल्व बदलने की स्वीकृति ली जाएगी। वर्तमान में करीब 20 लाख रुपए खर्च कर वॉल्व के लीकेज और राइजिंग पाइप के लीकेज का मेंटेनेंस किया जा रहा है। जर्जर पाइपलाइन को भी बदला जा रहा है।

## 13 ओवर हेड टैंक बनाए गए, लेकिन नहीं पहुंच रहा पानी, लोग परेशान

# भिलाई-चरोदा में गहराया जलसंकट, वार्ड-17 व 18 की महिलाओं ने निगम में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

नगर निगम भिलाई-चरोदा क्षेत्र में फरवरी माह आते ही पानी समस्या विकराल रूप लेनी लगी है। वाटर लेवल कम होने के कारण कई वार्डों में लोग पानी की समस्या से जूझ रहे है। 13 ओवर हेड टैंक, 800 हैंडपंप और 317 बोर पंप होने के बावजूद भिलाई-चरोदा निगम क्षेत्र के लोग प्यासे हैं। बुधवार को पानी की समस्या से परेशान वार्ड 17 और 18 के सैकड़ों महिलाओं ने नगर निगम का घेराव करते हुए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा।

भिलाई-चरोदा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 और 18 में पानी की भारी किल्लत को लेकर आज महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। स्थायी समाधान की मांग को लेकर बड़ी संख्या में महिलाएं नगर निगम कार्यालय पहुंचीं और आयुक्त कार्यालय का घेराव किया। वार्ड 17 और 18 की महिलाओं ने बताया कि यह समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। महिलाओं का कहना है कि हर साल फरवरी माह आते ही नलों से पानी आना बंद हो जाता है। जिससे घर-घर में पानी के लिए हाहाकार मच जाता है और लोगों को मजबूरी में टैंकर, बोर और बाहर से पानी खरीदकर काम चलाना पड़ता है। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने आरोप लगाया कि नगर निगम भिलाई-चरोदा द्वारा बार-बार शिकायत के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा। लोग सालों से परेशान हैं, लेकिन निगम सिर्फ आश्वासन देकर मामला टाल देता है। आक्रोशित महिलाओं ने नगर निगम और आयुक्त कार्यालय का घेराव करते हुए कहा अगर नगर निगम आम जनता की मूलभूत समस्याएं नहीं सुलझा सकता, तो दफ्तरों में ताला लगा देना चाहिए। महिलाओं ने नगर निगम को ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि वार्ड 17 और 18 में पानी आपूर्ति की स्थायी व्यवस्था की जाए और समस्या का तत्काल समाधान निकाला जाए। ज्ञापन सौंपने वाली महिलाओं ने अटल आवास निवासी मीनाक्षी, बिमला गोदावरी गुप्ता, मीना, रेखा सोनी, शाबाना, टी लक्ष्मी, गीता, लता, कल्पना वर्मा, चांदनी मैथिल, रामेश्वरी सहित दक्षिण वसुंधरा नगर की सुमन शुक्ला, अर्चणा रॉय, रेखा सोनवानी, रोशनी निर्मलकर आदि शामिल हैं।

## 800 हैंडपंप और 317 बोर के भरोसे सप्लाई व्यवस्था



### नल-जल योजना पर कोई काम नहीं, महापौर जिम्मेदार



वार्ड क्रमांक 20 पंचशील नगर वेस्ट की पार्षद अपर्णा सुब्रोतो दासगुप्ता ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले पांच वर्षों में क्षेत्र में नल-जल योजना को लेकर कोई ठोस कार्य नहीं किया गया। न केवल नल-जल योजना की प्रगति शून्य रही, बल्कि भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए भी कोई प्रभावी प्रयास नहीं किए गए। उन्होंने बताया कि लगातार भूजल स्तर गिरता जा रहा है, जिससे आने वाले समय में पानी की समस्या और विकराल होने की आशंका है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम द्वारा यह तय करने के लिए भी कोई स्पष्ट प्लानिंग नहीं की गई कि लोगों के घरों तक पानी कैसे पहुंचाया जाएगा। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि पानी संकट की जिम्मेदारी महापौर की है, क्योंकि उनके कार्यकाल में नल-जल योजना और जल प्रबंधन पर काम नहीं

### जल आवर्धन योजना पर कोई कार्य नहीं



नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा ने कहा कि निगम क्षेत्र में 13 ओवरहेड टैंक, 800 हैंडपंप और 317 बोर पंप होने के बावजूद आम जनता पानी के लिए तरस रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ओवरहेड टैंक तो बना दिए, लेकिन उनमें पानी नहीं है, अधिकांश टैंक खाली पड़े हैं। वर्मा ने कहा कि वर्ष 2007-08 में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा के प्रयास से स्वीकृत 103 करोड़ की जल आवर्धन योजना केवल कागजों में रह गई। नेता प्रतिपक्ष ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते भूजल स्तर बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले वर्षों में स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

### जरवाय वार्ड 4 में पानी समस्या बरकरार



वार्ड 4 जरवाय के पार्षद भूपेन्द्र वर्मा ने बताया कि उनके क्षेत्र में सालों से पानी की समस्या बनी हुई है। इस संबंध में नगर निगम में कई बार आवेदन दिए गए, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उन्होंने कहा कि हर बार सिर्फ आश्वासन दिया जाता है, जबकि समस्या जस की तस बनी हुई है। पार्षद ने बताया कि उन्होंने पार्षद निधि से बोर खनन कराकर पानी की व्यवस्था सुधारने की मांग की थी, लेकिन इसे यह कहते हुए रोक दिया गया कि क्षेत्र में ओवरहेड टैंक का निर्माण किया जाएगा। हालांकि, लंबे समय से ओवरहेड टैंक निर्माण की बात कही जा रही है, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि वाटर लेवल कम होने के कारण लगातार भू-जल स्तर में गिरावट हो रही है, जिससे स्थिति गंभीर होती जा रही है।

### वाल्व सुधारने के दिए निर्देश

पानी की समस्याओं को लेकर महिलाओं ने ज्ञापन सौंपा है। वाल्व में खराबी आने के कारण नलों में पानी नहीं आ रहा था। इसे सुधारने के निर्देश दिए गए हैं। शीघ्र ही लोगों को पानी मिलने लगेगा।
-डीएस राजपूत, आयुक्त नगर निगम भिलाई-चरोदा

# धान खरीदी का समय बढ़ाया जाना समस्या का समाधान नहीं : राकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग



छत्तीसगढ़ सरकार ने धान खरीदी की अवधि 6 फरवरी तक बढ़ा दी है। कांग्रेस ने इसे किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं, बल्कि एक राजनीतिक दिखावा बताया है। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि यह फैसला किसी संवेदनशील सरकार की पहल नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेशभर में किए गए चक्काजाम और आंदोलन एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा लिखे गए पत्र के दबाव का सीधा परिणाम है। भाजपा सरकार किसानों को गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार ने जो दो दिन की अवधि बढ़ाई है, वह केवल पूर्व में काटे गए टोकन पर ही सीमित है, अर्थात जो किसान जिनका धान खरीदी के अंतिम दिन 30 जनवरी तक धान बेचने टोकन कटा था लेकिन देर रात होने के कारण खरीदी नही हो पाया था, उन्हीं किसानों का धान 2 दिन तक लिया जाएगा, जबकि हजारों ऐसे किसान हैं जिनका टोकन नहीं कट पाया और आज भी वे अपनी उपज बेचने से वंचित हैं। टोकन से वंचित किसानों का धान भाजपा सरकार अभी भी खरीदने को तैयार नहीं है, जो सरकार की किसान-विरोधी सोच को साफ उजागर करता है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार में जरा भी ईमानदारी होती, तो टोकन की शर्त समाप्त कर सभी किसानों का धान खरीदा जाता। दो दिन की औपचारिक बढ़ोतरी कर भाजपा सरकार सिर्फ शिगूफा है, जबकि किसान आज भी मंडियों व कोचिये के चक्कर मे भटकने को मजबूर हैं।

### सरकार किसानों के हितों की रक्षा और खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध : सुरेंद्र कौशिक



दुर्ग। भाजपा के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने धान खरीदी की समय सीमा दो दिन बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार के इस संवेदनशील निर्णय से उन किसानों को अपना धान विक्रय करने का अवसर मिलेगा, जो टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पाए थे। इस निर्णय से प्रदेश सरकार धान खरीदी के अपने निर्धारित लक्ष्य को भी हासिल करेगी। कौशिक ने कहा कि इस निर्णय के बेहतर परिणाम सामने आएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार ने धान खरीदी केंद्रो पर बारदानो एवं हमालो की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिया है ताकि किसानों को कोई भी असुविधा न हो सके।

# रिसाली के 4 वार्डों में 2.17 करोड़ से बनेगी नई सड़क, विधायक ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

रिसाली निगम क्षेत्र के 4 वार्डों में 2.17 करोड़ रुपए की लागत से सड़क बनाई जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने विकास कार्य का भूमिपूजन किया।

उन्होंने सड़क मरम्मत कार्य के लिए आमजनों को श्रेय देते हुए बधाई दी। चंद्राकर ने कहा कि वे हमेशा जनहित के कार्यों को पूर्ण कराने प्राथमिकता देते हैं। वर्तमान में शहर के खराब सड़कों को सूचीबद्ध कर शासन स्तर पर कार्य को स्वीकृत कराया गया है। इसी का परिणाम है कि वे भूमिपूजन के बहाने क्षेत्रवासियों से रूबरू हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को साफ सुथरी सड़क मिलेगी। आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान विधायक ललित ने आम नागरिकों से चर्चा भी की। भूमिपूजन कार्यक्रम में सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सनीर साहू, पार्षद सविता ढवस, सुनंदा दिपक पप्पू चंद्राकर, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा, ईश्वरी साहू, सीमा साहू, धर्मेन्द्र भगत, सरिता देवांगन, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनूपम साहू समेत गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### महिलाओं को मिला रसोई गैस का सिलेण्डर

भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्ड 31 रिसाली बस्ती में उज्वला योजना के तहत गैस वितरण किया। योजना का लाभ पूनम चतुर्वेदी, संजना चतुर्वेदी, टोमिन देशमुख, विमला कुर्रे, कांती साहू, रानी गायकवाड़, हेमलता, रूखमनी गायकवाड़, सुमन शर्मा, संध्या, मंजू यादव व अंजनी यादव ने लिया। सड़कों में वार्ड 1 तालपुरी ब्लाक ए में लोटस 352 से 363 व 371 से 378 तक 41.12 लाख से सड़क मरम्मत, वार्ड 17 में शीतला तालाब से लालता प्रसाद घर व लालता प्रसाद घर से पंप हाऊस तक, वार्ड 27 मैत्रीनगर कान्हा घर से फैंसी स्टोर से व मैदान से डेंटल क्लीनिक तक 40.95 लाख, वार्ड 31 में हिंद नगर शिवाजी चौक से सुरेन्द्र देवांगन के घर तक, नंद किशोर घर लक्ष्मी नगर चैक तक 48.63 लाख से सड़क मरम्मत कार्य किया जाएगा।



### संत रविदास ने दिया है अहंकार और ईर्ष्या से दूर रहने का संदेश

दुर्ग। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेमलाल देशलहरा प्रमुख रूप से मौजूद थे। कौशिक ने कहा कि संत रविदास के विचार समानता, प्रेम, भक्ति, और सामाजिक न्याय पर केंद्रित थे, जहां उन्होंने जन्म-आधारित भेदभाव का खंडन किया, मनुष्यों की समानता पर जोर दिया, और बेगमपुरा जैसे आदर्श समाज की कल्पना की जहां कोई दुख या अन्याय न हो तथा श्रम और निष्काम कर्म को महत्व दिया। देशलहरा ने कहा कि संत रविदास ने हमेशा अहंकार, लोभ और ईर्ष्या को त्यागने और विनम्रता से जीने की शिक्षा दी। कार्यक्रम में दिलीप साहू, मनोज सोनी, गायत्री वर्मा, डॉ. देवनारायण तांडी सहित अन्य मौजूद थे।

# मालवीय नगर स्कूल का होगा कायाकल्प लगेंगे 10 कैमरे, सभागार का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

आत्मानंद स्कूल मालवीय नगर में अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंत्री गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम

- मंत्री यादव आत्मानंद स्कूल में आयोजित अभ्युदय कार्यक्रम में हुए शामिल

में शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनूप गटागट ने मंत्री के समक्ष आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निवेदन किया। इसमें विद्यालय के लिए सभागार, पांच कमरे, मध्यान्ह भोजन शेड, साइकिल स्टैंड, सुरक्षा व्यवस्था के लिए 10 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गई।

साथ ही हिन्दी माध्यम में 8 तथा अंग्रेजी माध्यम में 2 शिक्षकों की पदस्थापना की मांग की। इस पर मंत्री ने आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।



कार्यक्रम में विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, पार्षद मनोज सोनी, ओम प्रकाश सोनी, विजय जलकारे, राजेश शुक्ला, विनोद अरोरा, हर्ष चव्हाण, पिन्दर बल, आराधना पोडे सहित अन्य मौजूद थे।

प्राचार्य जे. मनोहरण ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेलकूद संबंधी उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। गजेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों को अपनी प्रतिभा एवं रूचि के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय की आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु उन्होने आश्वासन दिया एवं उत्कृष्ट शिक्षा हेतु विद्यालय की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान मेधावी एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं अन्य उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा अत्यंत सुंदर, आकर्षक एवं मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। नृत्य, गीत, नाट्य एवं अन्य कार्यक्रमों ने उपस्थित अतिथियों एवं दर्शको का मन मोह लिया।

# छग रजत महोत्सव : उपभोक्ताओं और सेवाभावी कर्मचारियों को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

अहिवारा संभाग एवं वितरण केंद्र अहिवारा के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 का आयोजन किया गया। राज्य स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों को समर्पित इस उत्सव में न केवल विकास की गाथा दोहराई गई, बल्कि बिजली विभाग की रीढ़ कहे जाने वाले उपभोक्ताओं और कर्मठ कर्मचारियों का सम्मान कर रिश्तों की नई मिसाल पेश की गई।

समारोह में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, जनपद पंचायत धमधा लीमन साहू और अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद अहिवारा विद्यानंद कुशवाहा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में विधायक प्रतिनिधि अहिवारा सतीश साहू, अध्यक्ष, सरपंच संघ दामिनी साहू, पार्षद द्वय अनुज साहू एवं पुरुषोत्तम वर्मा एवं अध्यक्ष, सहकारी समिति अहिवारा पवन जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के जनप्रतिनिधियों, नागरिकों और उपभोक्ताओं का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।



वक्ताओं ने छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों के सफर में विद्युत विभाग के योगदान को रेखांकित किया और बेहतर भविष्य का संकल्प लिया। विभाग ने विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत घरेलू, गैर-घरेलू, कृषि, सोलर एवं बीपीएल श्रेणी के कुल 25 उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही विभाग के समर्पित सेवाभावी सेवानिवृत्त कर्मचारी लाइन इंस्पेक्टर नरेश सेन को उनकी दीर्घकालीन सेवाओं के लिए शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। मौके पर अधीक्षण अभियंता, दुर्ग वृत्त आरके मिश्रा, कार्यपालन अभियंता अहिवारा टीएल सहारे, सहायक अभियंता विजय बंजारे एवं कनिष्ठ अभियंता संदीप वर्मा मौजूद रहे।

# सहकारी समितियों को अन्य से प्राप्त लाभांश पर भी मिलेगी कर की कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶दुर्ग

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट के बाद सहकारिता का महत्व बढ़ गया है। अब इसे नीति स्तर पर पूरी तरह स्वीकार किया गया है। स्पष्ट कानूनी मान्यता, निष्पक्ष कर व्यवस्था और लक्षित प्रोत्साहन अधिक से अधिक सहकारी समितियों को आगे आने, अपने कार्यक्षेत्र का विस्तार करने और पूरे देष में अधिक व्यवसाय करने के लिए प्रेरित करेंगे। अंततः इससे सहकारी आन्दोलन मजबूत होगा और सामान्य किसान समुदाय का समग्र उत्थान सुनिश्चित होगा।

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंद ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक और



महत्वपूर्ण सुधार यह है कि नई कर व्यवस्था के अंतर्गत सहकारी समितियों को अन्य सहकारी समितियों से प्राप्त लाभांश पर भी कर में कटौती की अनुमति दी गई है। बशर्ते यह लाभांश आगे अपने सदस्यों को वितरित किया जाए। यह प्रावधान अत्यंत न्यायसंगत है, क्योंकि इससे सहकारी संरचना में दोहरी कराधान की समस्या समाप्त होगी। अब इस सुधार से सहकारी समितियों को अपनी आय अपने सदस्यों तक पहुंचाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। किसानों और सहकारी समितियों की जमीनी वास्तविकताओं की गहरी समझ को दर्शाता है। ऐसा ही एक सुधार प्राथमिक सहकारी समितियों को आयकर में कटौती की सुविधा देना है, जो अपने सदस्यों द्वारा उत्पादित कपास बीज और पशु आहार की आपूर्ति करती है। कपास की खेती और डेयरी आजीविका के प्रमुख साधन है। मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसायटी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत सहकारी समितियों को सहकारी समिति की परिभाषा में शामिल किया गया है, जो सहकारी समितियां अधिनियम 1912 के अंतर्गत या किसी राज्य अथवा केन्द्र शासित प्रदेश में सहकारी समितियों के पंजीकरण हेतु लागू किसी अन्य कानून के अंतर्गत पंजीकृत हो।

**केन्द्रीय बजट से महिलाओं की शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा** : दुर्ग। जिले के महिला महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राएं अदिति मौर्य और खुशबू, जो मूलतः जगदलपुर की निवासी हैं, ने केंद्रीय बजट को दूरदर्शी और सभी वर्गों के हित में बताया है। छात्राओं का कहना है कि इस बजट में महिलाओं, छात्राओं और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले युवाओं की जरूरतों को विशेष रूप से ध्यान में रखा गया है।

तेरहवी



स्व. सी.एम. कोण्डैय्या

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सुपेला नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. सी.एम. कोण्डैय्या का स्वर्गवास दिनांक 24.01.2026 दिन-शनिवार को हो गया है अतः आप सभी पधार कर मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करें।

शांतिभोज
दिनांक : 05.02.2026, दिन-गुरुवार
स्थल : सेक्टर-7, पानी टंकी मैदान, श्री श्री माता मंदिर के पास।

शांतिभोज : दोपहर 1.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

शोकाकुल परिवार :-
नीलम प्रिया (पत्नि)
कु. शालीनी, कु. टीशा (पुत्री)
एवं समस्त नोकतोटी परिवार

-: विनीत :-
यारे कोण्डय्या, पी.सी. गुरवय्या
वेंकटेश्वर, एन. रवि,
एन. विनय, एन चेतन

संपर्क : 9407983044, 9926125265

## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**अंडा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला अछोटी में वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान उल्लेखनीय सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मूलचन्द ढीमर (पालक) ने विद्यार्थियों को कॉपी एवं पेन का वितरण किया। कार्यक्रम में ग्राम अछोटी की सरपंच झन्ना दिल्लीवार , मूलचन्द ढीमर , शाला के प्रधान पाठक राधेलाल चंद्राकर सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### शोकग्रस्त परिवार को सहायता दी सरपंच ने



**सेलूद।** ग्राम देवादा निवासी शालिक राम वर्मा के निधन के उपरांत आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देवादा की सरपंच श्रीमती लक्ष्मी नीलू वर्मा ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए शोकाकुल परिवार को आर्थिक सहयोग प्रदान किया। सरपंच ने स्व. वर्मा की पत्नी मनभौतीन वर्मा को 5000 नगद राशि एवं एक कट्टा चावल भेंट कर परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मौके पर फूलो देवी वर्मा, केशव वर्मा, रुपेन्द्र वर्मा, कर्तिक वर्मा, तुका वर्मा, शशि वर्मा, शिवा वर्मा, प्रिया वर्मा आदि उपस्थित थे।

### शिव बने दुर्ग जिला भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक



**अंजोरा।** दुर्ग भाजपा मछुवारा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शिव निषाद की नियुक्ति प्रदेश भाजपा के द्वारा की गई। शिव निषाद इससे पहले भाजपा संगठन में दुर्ग ग्रामीण महामंत्री, जिला कार्यसमिति, एवम पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत महमरा का दायित्व निभा चुके हैं। वर्तमान में दुर्ग जिला निषाद समाज क्षेत्रीय अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभा रहे हैं। नियुक्ति के पश्चात शिव निषाद ने जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवम जिला नेतृत्व का आभार किया है।

## निधन

### गोदावरी वर्मा

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर दुर्ग निवासी



गोदावरी वर्मा (70 वर्ष)का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम कुर्मी गुंडरा में किया गया। वे प्रभाकर, वेद तथा प्रफुल्ल वर्मा की मां थीं।

### भूषणलाल पटेल

**पाटन।** नगर के महामाया पारा वाड



12 के वरिष्ठ नागरिक एवं हिन्दी साहित्य समिति के संरक्षक भूषणलाल पटेल (82) का निधन हो गया। वे अनूप, गजेन्द्र पटेल, कृष्णा पटेल एवं पुरूषोत्तम पटेल के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार पाटन नगर के मुक्तिधाम में किया गया।

### रामसुभग गुप्ता

**नंदिनी-अहिवारा।** शिवराम मंदिर



वार्ड 12 नंदिनी नगर निवासी 80 वर्षीय रामसुभग गुप्ता का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बानबरद मुक्तिधाम में किया गया। वे अरविंद गुप्ता व रवि गुप्ता के पिता थे।

### प्रमेंद्र सिंह चौहान

**भिलाई।** फ्लैट नंबर 5, सी 01 ब्लाक, चौहान टाउन स्मृति नगर



निवासी प्रमेन्द्र सिंह चौहान का हैदराबाद में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 फरवरी को रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे सुनीता सिंह चौहान के पति थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दुर्ग राज अधिवेशन में शामिल हुए

# शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ती रहें लेकिन बेटे भी पीछे न रहें : भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद

**छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग-राज का अधिवेशन**



छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग-राज का 80 वाँ वार्षिक अधिवेशन स्व झग्गर प्रसाद वर्मा एवं स्व राजेश कुमार वर्मा स्मृति में गौठान मैदान मोरिद में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री तथा पाटन विधायक थे।

प्रातः भव्य कलश शोभायात्रा के पश्चात ध्वजारोहण और राजकीय गीत फिर समाज गौरव गीत के बाद समाज के महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई। स्वागत भाषण राजप्रधान ईश्वरी वर्मा ने दिया।

समाज की गतिविधियों की जानकारी राजमंत्री रमाशंकर वर्मा ने दी।कोषाध्यक्ष पीलाराम वर्मा ने आय-व्यय की जानकारी दी। इसी प्रकार युवाध्यक्ष, महिला अध्यक्ष और नगर इकाइयों ने भी प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज के 10 वीं तथा 12 वीं के 55 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। नीट, आईआईटी, खेल तथा अन्य क्षेत्र में विशेष योग्यता रखने वालों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेटियां आगे बढ़ रही है तो बेटों को भी बढ़ाना है। विशिष्ट अतिथि महापौर निर्मल कोसरे ने समाज की एकता बनाए रखने पर बल दिया तथा ग्राम के विकास के लिए 75 लाख रुपए की घोषणा की। केन्द्रीय अध्यक्ष खोडस राम कश्यप,केन्द्रीय महामंत्री यशवंत वर्मा ,विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा ,कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा और पाटन जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक ने भी संबोधित किया। आयोजन में केन्द्रीय महिला अध्यक्ष सरिता बघेल, केन्द्रीय युवा अध्यक्ष चंद्रकांत वर्मा, केन्द्रीय विवाह प्रभारी चंद्रकुमार वर्मा, भिलाई नगर अध्यक्ष जनक राम वर्मा, दुर्ग नगर अध्यक्ष रोशन वर्मा,दल्लीराजहरा अध्यक्ष विष्णु प्रसाद चंद्रवंशी,जामुल नगर अध्यक्ष नूतन वर्मा, भिलाई -3 चरोदा अध्यक्ष मोरध्वज वर्मा, दुर्ग राज महिला अध्यक्ष साधना वर्मा, युवाध्यक्ष विकास मढ़रिया, प्रेमलाल नायक, बिसौहाराम मढ़रिया, देवप्रसाद वर्मा,चुनेश्वर नायक, डॉ जी आर वर्मा, श्रीमती अनिता वर्मा, श्रीमती मिथिला खिचरिया, बिटावन वर्मा, डॉ अशोक वर्मा,मोहेन्द्र कुमार वर्मा, भगवती चरण मढ़रिया, कृष्ण कुमार वर्मा,बलदाऊ वर्मा,देनी कुमार वर्मा, राजेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, ममता वर्मा, पार्वती वर्मा, दीपिका वर्मा, भारती नायक,मीरा वर्मा, मधु वर्मा, काजल वर्मा, सावित्री वर्मा सहित समाज के अनेकों गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन खिलेश वर्मा ने किया।

## युवा,किसान,मजदूरों को धोखा देने वाला बजट : अशोक साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



विधायक प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष अशोक साहू ने केंद्रीय बजट को बेहद ही निराशाजनक बताया। उन्होंने केंद्र सरकार ने विश्व में फलां नंबर की अर्थव्यवस्था हो गई,विश्व गुरु हो गए,पर बजट ने कलई खोल कर रख दी। पिछले साल यानी वर्ष 2025-26 में न राजस्व बढ़ा पाए,न टैक्स वसूली मज़बूत हो सकी।

### केंद्रीय बजट युवाओं महिलाओं एवं मध्यम वर्ग के लिए हितकारी : लक्ष्मीकांत दुबे



अंडा। केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे ने कहा कि यह बजट भारत को मजबूत करने वाला बजट है। उन्होंने ने कहा कि कैंसर शुगर की दवा की कीमत कम किया है इससे बीमार व्यक्ति के लिए बेहतर साबित होगा , 12 लख रुपए तक आयकर छूट और स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़कर 1लाख रुपए किया जाना मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए अच्छा निर्णय है।

## रजत महोत्सव में सम्मानित हुए उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड शाखा जामगांव आर की ओर से मंगलवार समरता भवन बाजार चौक में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन किया गया हुआ। सहायक अभियंता भूपेश वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस महोत्सव में मुख्य अतिथि साहू संघ पाटन तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू थे। अध्यक्षता सरपंच रूपेंद्र शुक्ला ने की।विशेष अतिथि जनपद सदस्य द्वय रवि सिन्हा ,रामकुमार चंद्राकर ,सेवा सहकारी समिति जामगांव आर प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर, भरर प्राधिकृत अधिकारी एवं करेला सरपंच डॉ राजेश बंछोर, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, बटरेल पूर्व सरपंच भेष आठे ,पूर्व सरपंच कन्हैया लाल साहू, भाजपा मंडल महामंत्री पूर्णेंद्र सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जय प्रकाश चंद्राकर और पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोर साहू मंचासीन रहे। इस दौरान सरपंच माधुरी निषाद, अमित अग्रवाल, एमन आठे, देवकी निषाद और राजेश बंछोर का विभाग ने विशेष रूप से सम्मान किया। महोत्सव को सफल बनाने में सहायक अभियंता भूपेश वर्मा, कनिष्ठ अभियंता द्वय हेमंत देशमुख एवं ऋचा साहू,कार्यालय हेड जितेंद्र वर्मा, लाइन स्पेक्टर कमलेश वर्मा, टीडी द्वय मिथलेश यादव एवं चंद्रकांत देवांगन और लाइनमैन ओंकार वर्मा सहित स्टॉफ ने महती भूमिका निभाई। सेवानिवृत हुए खेमलाल यादव और भागवत देशमुख का सम्मान किया। बीपीएल घरेलु कनेक्शन उपभोक्ता रामजी यादव जामगांव आर, उपभोक्ता खुमान जांगड़े खोला, जितेश चंद्राकर ,सालिक राम वर्मा खपरी ,सुख बिलाश खपरी, गैर-घरेलु सुकवारो बाई बेल्हारी,गिरिजा चंद्राकर,चंद्रप्रभा भरर,भुवनलाल बोरवाय,संतोष साहू गातापार क्रृषि पंप उपभोक्ता कमल किशोर साहू औरी,सुनील चंद्राकर अकतई का सम्मान किया गया।

## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार व डिस्काउंट



**भिलाई।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने भव्य शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना-माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनो की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग हैंड बैग तत्काल प्रदान की जाती है।

श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि विश्वास व विश्वसनियता का प्रतीक ओम ज्वेलर्स में आपार कस्टमर के पधारने के लिए धन्यवाद दिया। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है ।100% वापसी के साथ दिया जाता है वापसी करने पर काट छाट नहीं होती। पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध हैं एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेंट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा प्रदान की जाती है साथ ही ख़रीदे गये ज़ेवर की घर पहुंच पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है व किसी भी गहने की तत्काल रिपेरिंग सुविधा है। आशा है बेहतर से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए ओम ज्वैलर्स अवश्य पधारे।

### भिलाई में बंसल ब्रदर्स की भव्य मेगा सेल

BANSAL BROTHERS
19, CIVIC CENTRE, BHILAI 490006 (C.G.)
SAREE | SUITS | FABRICS

**भिलाई।** सिविक सेंटर स्थित रेडीमेड वस्त्र और होम-फर्निशिंग प्रतिष्ठान बंसल ब्रदर्स द्वारा ग्राहकों के लिए भव्य मेगा सेल का शुभारंभ किया गया है। इस विशेष सेल के अंतर्गत ग्राहकों को 50 प्रतिशत तक की आकर्षक छूट प्रदान की जा रही है। इस मेगा सेल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के लिए फैशनेबल एवं उच्च गुणवत्ता वाले परिधानों के साथ-साथ होम फर्निशिंग आइटम्स की भी व्यापक रेंज उपलब्ध है। महिलाओं के लिए शुद्ध सिल्क साड़ियाँ, सीको सिल्क, मैसूर सिल्क, कॉटन साड़ियां, करिश्मा कॉटन साड़ियाँ एवं आकर्षक डिज़ाइनर साड़ियां विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इसके अतिरिक्त, घर की सजावट के लिए उच्च गुणवत्ता वाली बेडशीट्स, डबल बेड व सिंगल बेड बेडशीट्स, आधुनिक डिज़ाइनों और सॉफ्ट फैब्रिक में विशेष छूट पर उपलब्ध हैं। पुरुषों के लिए ब्रांडेड सूटिंग-शर्टिंग की शानदार रेंज मौजूद है, जिसमें रेमंड्स, रीड एंड टेलर, अरविंद जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड शामिल हैं। साथ ही कुर्ता-पायजामा, कुर्तियाँ, ड्रेस मटीरियल, गर्ल्स वेस्टर्न वियर सहित अनेक परिधान किफायती दामों पर उपलब्ध हैं।

## शहीद कप क्रिकेट टूर्नामेंट 21 से, दर्शकों को भी मिलेगा इनाम

**भिलाई।** वीर शहीदों की स्मृति में पदुमनगर भिलाई-3 में शहीद कप फ्लड नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट 2026-27 का आयोजन 21 से 28 फरवरी तक किया गया है। इसमें कुल 24 टीमें भाग लेंगी और 23 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे।




आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा 30 से 40 वॉलेंटियर तैनात किए जाएंगे। आयोजक लोकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रतिदिन विशेष उपहार योजना आयोजित की जाएगी। दर्शकों को अपना नाम और मोबाइल नंबर लिखकर कूपन बॉक्स में डालना होगा। लॉटरी के माध्यम से रोज विजेताओं को आकर्षक उपहार दिए जाएंगे। अंतिम दिन विशेष पुरस्कार भी रखे गए हैं। प्रतियोगिता का आयोजन स्थल एप्रोच गैस एजेंसी के पास, वर्मा चौक पदुम नगर, भिलाई-3 में किया गया है। प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 51,000 और तृतीय पुरस्कार 21,000 रुपए रखा गया है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए मैन ऑफ द सीरीज 11,000 रुपए, बेस्ट बैट्समैन 5,100 और बेस्ट बॉलर 5,100 रुपए रखा गया है। प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए एंट्री फीस-10,000 प्रति टीम रखा गया है। प्रत्येक मैच 10 ओवर का खेला जाना है। एक दिन में कुल तीन मैच होगा। साथ ही फाइनल के दिन शहीदों के परिवारों का सम्मान विशेष उपहारों के साथ किया जाएगा तथा दर्शकों के लिए भी लॉटरी के माध्यम से विशेष उपहार रखा गया है। आयोजकों ने खेल प्रेमियों और युवाओं से बड़ी संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## जनपद पंचायत अध्यक्ष ने भागीदारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन




जनपद पंचायत पाटन की अध्यक्ष कीर्ति नायक ने पाटन अंचल के विभिन्न ग्रामों में आयोजित सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता करते हुए जनसंपर्क किया और समाज को सकारात्मक दिशा देने का संदेश दिया।

उन्होंने ग्राम बेलौदी में गीता जयंती समारोह एवं कोसरिया यादव समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में भागीदारी दी। वहीं छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज, दुर्ग राज के ग्राम मोरिंद में आयोजित अधिवेशन ,भारतीय जनता पार्टी जिला दुर्ग के निर्देशन में प्रभारी के रूप में दरबार मोखली मंडल अंतर्गत ग्राम फ़ेकारी में कार्यकर्ताओं के साथ केंद्रीय बजट सत्र का सामूहिक श्रवण के आयोजन और भिलाई-3 चरोदा परीक्षेत्रीय स्तरीय महाराज श्री गुहा निषाद राज जयंती, नव-निर्मित सामाजिक सामुदायिक भवन के लोकार्पण एवं मड़ई-मिलन कार्यक्रम (ग्राम बटंग) में भी शामिल हुईं।

### मकान टैक्स के नाम पर वसूली बंद करे राज्य सरकार

**पाटन।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (असंगठित) के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र बघेल ने मांग की है कि मकान टैक्स



के नाम पर राज्य सरकार वसूली बंद करे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा है कि वर्तमान भाजपा सरकार से आम जनता गरीब वर्ग के साथ किसान मजदूर कर्मचारी छोटे बड़े व्यवसाई आदि सभी वर्ग खासे परेशान है। उन्होने कहा कि सरकार किसानों को राहत देने के बजाए प्रदेश के ग्रामीणों से मकान टैक्स के नाम भारी भरकम टैक्स वसूली कर रही है, जिससे ग्रामीण जन नाराज़ है। उन्होंने मांग की है कि राज्य सरकार इस फैसले को तुरंत ही वापस ले। उन्होंने बताया कि प्रति स्क्वेयर फीट बीस रूपये की दर से मकान टैक्स लिया जा रहा है।

### NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, HABIBUL REHMAN S/o. MOHAMMAD SULEMAN R/o.- H. No.-1273, Kailash Nagar Kurud, Behind Fatima Building, Jamul Cement Works, Bhilai, Teh. & Distt.- Durg ( C.G.) have changed my old name HABIBUR REHMAN S/o. MOHD. SULEMAN. So in future I should be recognized by my new name that is HABIBUL REHMAN S/o. MOHAMMAD SULEMAN in all Government and other documents.

**HABIBUL REHMAN**
R/o.- H. No.-1273, Kailash Nagar Kurud Behind Fatima Building, Jamul Cement Works, Bhilai, Teh. & Distt.- Durg ( C.G.)

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं हबीबुल रहमान पिता मोहम्मद सुलेमान,निवासी- मकान नं.- 1273, कैलाश नगर, कुरुद, फातिमा बिल्डिंग के पीछे, जामुल सीमेंट वकर्स भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम हबीबुर रहमान पिता मोहम्मद सुलेमान को त्याग कर अपना नया नाम हबीबुल रहमान पिता मोहम्मद सुलेमान रख लिया हूँ।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में हबीबुल रहमान पिता मोहम्मद सुलेमान के नाम से जाना-पहचाना जावे।

**हबीबुल रहमान**
पिता मोहम्मद सुलेमान
निवासी- मकान नं.- 1273, कैलाश नगर, कुरुद, फातिमा बिल्डिंग के पीछे, जामुल सीमेंट वकर्स भिलाई, तह. व जिला- दुर्ग (छ.ग.)

### मुकदमें के फैसले के बारे में समन्स

(व्यवहार प्रक्रिया संहिता, आदेश 5 नियम 1 और 5)
वाद क्रमांक स्क्सेशन 10/26
न्यायालय (श्रीमती कामिनी जायसवाल), तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)
आवेदक- पवन राय, अनावेदक- पंकज राय वगै.
बनाम- आम जनता

क्योंकि वादी / आवेदक ने आपके विरुद्ध धारा 372 हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम का वाद प्रस्तुत किया है, आपको इस समंस द्वारा आदेशित किया जाता है कि आप इस न्यायालय में पेशी दिनांक 10 माह 3 सन् 2026 को सुबह 11 बजे स्वयं या ऐसे किसी प्लीडर/अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक् अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया है कि आप उस दिनांक को अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों जो आपके अभिरक्षा या शक्तियों में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है और आप यदि किसी अन्य दस्तावेज समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है, तो आप ऐसे वस्तावेजों की, लिखित कथन के साथ उपावन की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त बतायी गई पेशी तिथि को इस न्यायालय में उपसंजात नही होंगे तो वाद की सुनवाई और निराकरण आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज दिनांक. 02/2/26 को न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

(श्रीमती कामिनी जायसवाल)
तृतीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ श्रेणी दुर्ग (छ.ग.)

## अंचल की खबरें

### स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समां



**अंडा।** सनराईस पब्लिक स्कूल अंडा में वार्षिकोत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। नोडल अधिकारी ममता वर्मा, प्राचार्य जितेंद्र साहू ,वरिष्ठ कृषि (से. नि.) अधिकारी बी. एल रात्रे और सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी जी. आर रात्रे ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस दौरान नर्सरी से कक्षा सातवी तक के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से समां बांध दिया। स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जितेन्द्र साहू, हेमेंद्र साहू, नरेश विश्वकर्मा, काजल साहू, दिनेश्वरी चंद्राकर, किरण, सुमन, लता, हिमानी,ज्योति साहू, और सहायिका देविका निर्मलकर सहित स्कूल के सहायक कर्मी और बड़ी संख्या में अतिथि के तौर पर अभिभावक गण उपस्थित थे।

### जामगांव आर सोसायटी में धान खरीदी हुई पूरी



**जामगांव आर।** सेवा सहकारी समिति जामगांव आर के 1557 किसानों ने 84064 क्विंटल धान विक्रय किए। जिसमें से 30340 क्विंटल धान का परिवहन हो चुका है। वहीं 53724 क्विंटल धान का परिवहन शेष है। सोसायटी ने 5 करोड़ 40 लाख 18 हजार 156 रुपए ऋण वसूली किया। उक्त जानकारी देते हुए प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर ने बताया कि 19 करोड़ 94 लाख 35 हजार 608 रु भुगतान सेवा सहकारी ने जारी कर दिया है। सेवा सहकारी समिति जामगांव आर में 1637 किसानों का पंजीयन है जिसमें से 80 किसानों के पास धान विक्रय हेतु विविध कारणों से रकबा ही नहीं है। अतएव 1557 सभी किसानों ने धान का विक्रय करने में पूर्णतः सफल एवं संतुष्ट हुए। निगरानी समिति सदस्य एवं प्राधिकृत अधिकारी भगवान सिंह चंद्राकर समिति सहायक प्रबंधक लक्ष्मी कुलदीप सहित रमेश कुमार साहू लेखपाल, नरेश कुमार यादव कंप्यूटर ऑपरेटर, कुलेश्वर यादव कंप्यूटर ऑपरेटर, हेमा चंद्राकर तामेश्वर जोशी खुशहाल साहू टोमेश साहू शिवा राव बाग सहित स्टॉफ ने निर्धारित तिथि में किसानों का धान खरीदी में मिली सफलता के लिए खुशी जाहिर की।

### मातृ व नवजात शिशु देखभाल पर किया मंथन



**नंदिनी अहिवारा।** संदीपनी अकादमी, अछोटी (नर्सिंग महाविद्यालय), दुर्ग में 3 फरवरी को राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य नर्सिंग विद्यार्थियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को मातृ एवं नवजात शिशु देखभाल के क्षेत्र में नवीनतम ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाना था। कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य अतिथि दुर्गावती कुंजाम, रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ राज्य नर्सिंग परिषद, रायपुर ने किया। विशिष्ट अतिथि शायलू साजी, प्राचार्य, शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय रायपुर तथा डॉ. रेमा राजेश, प्राचार्य शासकीय नर्सिंग महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित रहीं। विशेष अतिथि डॉ. अशुलता मिश्रा, प्राचार्य, सी.एम. नर्सिंग इंस्टिट्यूट थीं। कार्यशाला में मुख्य वक्ता डॉ. रोहिणी राउत धुंडे, डॉ. ओंकार खांडवाल एवं डॉ. विनिता धुर्वे थी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संरक्षक श्री महेंद्र चौबे (निदेशक), संयोजक प्रो. आकांक्षा रानी गॉटलिब (प्राचार्य), सह-संयोजक प्रो. इंदु वर्मा (उप-प्राचार्य) का महत्वपूर्ण योगदान रहा। आयोजन अध्यक्ष प्रो. भावना अंगारे, आयोजन सचिव प्रो. सलीक रहमान, तथा कार्यशाला समन्वयक सुधीर तिवारी, आकाश सोमपुरा एवं काजल वर्मा के कुशल नेतृत्व एवं समन्वय से यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ।

### तीन दिवसीय स्वर मानस गान सम्मेलन कल से

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी व आयोजक समिति अंडा के तत्वाधान में तीन दिवसीय स्वर मानस गान का आयोजन 6 फरवरी से 8 फरवरी तक गुरूवार बाजार चौक में रखा गया है। समिति के सदस्य खिलेंद्र संजू यादव ने आसपास के ग्रामीण जनों से उपस्थिति की अपील की है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बीएसपी में रिकॉर्ड मासिक क्रूड स्टील का उत्पादन, बीआरएम व मर्चेंट मिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र ने अपने इस्पात निर्माण में जनवरी माह में उत्पादन के क्षेत्र में नए मानक स्थापित किए हैं। संयंत्र की प्रमुख इकाइयों-स्टील मेल्टिंग शॉप–3, बार एंड रॉड मिल (बीआरएम) तथा मर्चेंट मिल ने जनवरी 2026 में अच्छा प्रदर्शन किया। जहां एसएमएस–3 ने सेल के किसी भी स्टील मेल्टिंग शॉप द्वारा अब तक का सर्वाधिक मासिक क्रूड स्टील उत्पादन दर्ज कर इतिहास रचा, वहीं बीआरएम ने जनवरी माह का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड स्थापित किया तथा मर्चेंट मिल ने उत्पादन, उत्पादकता एवं गुणवत्ता के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए। बीएसपी के निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती,प्रवीन निगम, पवन कुमार, पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक कमल भास्कर तथातुषार कांत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ संबंधित विभागों के शॉप फ्लोर का भ्रमण कर कार्मिकों की हौसलाआफजाई की। जनवरी 2026 में एसएमएस–3 ने 3,48,197 टन कच्चे इस्पात का रिकॉर्ड उत्पादन किया, जो मई 2025 में स्थापित 3,39,275 टन के पूर्व सर्वश्रेष्ठ आंकड़े से अधिक है। यह उत्पादन डीपीआर क्षमता के 110 प्रतिशत पर दर्ज किया गया, जो सेल के किसी भी स्टील मेल्टिंग शॉप द्वारा अब तक का सर्वाधिक मासिक कच्चा इस्पात उत्पादन है। ब्लूम्स उत्पादन में परिचालन योजना के 125 प्रतिशत तक हासिल किया गया। सीओजी लाइन के स्थिरीकरण से लंबे सीक्वेंस कास्टिंग एवं निर्बाध लैडल हीटिंग संभव हुई।

## निदेशक प्रभारी ने की कार्मिकों की हौसलाआफजायी




### हीट प्रोसेसिंग के नए रिकार्ड

जनवरी माह हीट प्रोसेसिंग में भी नए रिकॉर्ड बने। कन्वर्टर में 695 हीट्स बनीं, जो पूर्व के 673 हीट्स के रिकॉर्ड से अधिक है, जबकि कन्वर्टर–बी में 689 हीट्स दर्ज की गईं, जो पूर्व के 669 हीट्स से अधिक है। लैडल फर्नेस 3 में 771 हीट्स बनाई गईं, जो पहले के 751 हीट्स के रिकॉर्ड से बेहतर है। कास्टिंग के पर भी एसएमएस 3 ने अच्छा सीक्वेंस लेंथ हासिल की। कास्टर सीके–1 ने 17 जनवरी 2026 को 147 हीट्स, कास्टर सीके 2 ने 24 जनवरी 2026 को 238 हीट्स तथा कास्टर सीवी 1 ने 20 जनवरी 2026 को 214 हीट्स दर्ज कर अपने-अपने पूर्व रिकॉर्ड को पार किया । इसमेंकन्वर्टर्स, सेकेंडरी रिफाइनिंग यूनिट, कास्टर्स, क्रेन्स एवं डिस्पैच टीमों के समन्वित प्रयासों की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप



### मादक पदार्थ व ड्रग्स पर पाबंदी लगाने टोल फ्री नंबर 1933 जारी

**भिलाई।** मादक पदार्थ और ड्रग्स के कारोबार पर पाबंदी लगाने के लिए पुलिस ने ट्रोल फ्री नंबर 1933 जारी किया है। ऑपरेशन विश्वास के साथ अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। भिलाई दुर्ग में संचालित 500 ई-रिक्शा में टोल फ्री नंबर 1933 चस्पा कर, जन-जागरूकता अभियान के लिए एसएसपी विजय अग्रवाल हरि झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया। दुर्ग पुलिस द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि टोल फ्री नंबर पर सूचना देने वाले नागरिकों की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि उन्हें मादक पदार्थों, ड्रग्स अथवा अन्य नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार से संबंधित कोई भी जानकारी प्राप्त होती है। उसे टोल फ्री नंबर 1933 पर सूचना दें।

### बीएसपी वरिष्ठ क्रिकेट टीम चयन स्पर्धा के लिए चयन कल

**भिलाई।** बोकारो स्टील प्लांट द्वारा 10 से 14 फरवरी तक बोकारो में आयोजित की जा रही एसपीएसबी अंतर इस्पात संयंत्र क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की वरिष्ठ क्रिकेट टीम के गठन के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा 5 फरवरी को दोपहर 2 बजे से बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में चयन स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। चयन स्पर्धा में भाग लेने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र के नियमित कार्मिक खिलाड़ी तथा भिलाई परिधीय क्षेत्र के प्रतिभागी पात्र होंगे। इच्छुक प्रतिभागी 5 फरवरी को दोपहर 1:30 बजे तक चयन स्थल पर उपस्थित होकर निम्नलिखित चयनकर्ताओं सुरेश सोनपिपरे,सुरेश बाबू व मोहन दास से संपर्क कर सकते हैं। उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक इस चयन स्पर्धा के प्रभारी होंगे।

### पूजा ने हेमचंद विवि में चौथा स्थान प्राप्त किया

**भिलाई।** भिलाई महिला महाविद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा पूजा देशमुख ने चतुर्थ सेमेस्टर (फिजिक्स) में हेमचंद यूनिवर्सिटी में चौथा स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। वे डाक विभाग में कार्यरत पवन देशमुख और शासकीय विद्यालय तेलीगुंडरा की शिक्षिका उर्वशी देशमुख की पुत्री हैं। पूजा शुरु से पढ़ाई में कुशाग्र रही है।



### राजहरा माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में 20 वां एक दिवसीय निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर हुआ।शिविर में 590 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच और उपचार के साथ 20 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 5 प्लास्टर लगाए गए। शिविर में सेक्टर नौ हास्पिटल के डाक्टरों ने भी सेवाएं दीं।जेएलएन हास्पिटल भिलाई के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. सौरभ मुखर्जी, डॉ. पी मर्सी, डॉ. नीना गुहा , डॉ. जयिता सरकार डॉ. इमैनुएल मैसी आदि ने सेवाएं दी।

## बीएसपी को रावघाट से माल ढुलाई व यात्रियों को होगी सुविधा

# 65 साल पुराने मरोदा स्टेशन का हो रहा कायाकल्प, तीन फेस में होगा पुनर्विकास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस और भिलाई नगर के बाद शहर के तीसरे रेलवे स्टेशन मड़ौदा स्टेशन की चर्चा कम होती है। इसकी वजह इस स्टेशन से अधिकतर माल गाड़ियों की आवाजाही का होना है। पैसेंजर ट्रेनें कम गुजरती हैं। लेकिन 65 साल पुराने इस उपेक्षित स्टेशन की तस्वीर अब बदल रही है । अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मड़ौदा स्टेशन का भी कायाकल्प हो रहा है। इसका पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो जाने से भिलाई इस्पात संयंत्र को कच्चे माल लाने में सुविधा के साथ दल्लीराजहरा जाने वाले यात्रियो को भी सुविधा होगी। रेलवे डीआरएम ने निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ स्टेशन को और अधिक विस्तारित व सुविधापूर्ण बनाने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी की मांडल स्टेशन योजना के तहत देश के देश 507 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इसके तहत यहां पावर हाउस और भिलाई नगर स्टेशन की तरह मड़ौदा स्टेशन का भी नवनिर्माण किया जा रहा है। 1960 में निर्मित इस स्टेशन का उपयोग मुख्य रुप से दल्लीराजहरा खदान से आयरन ओर की ढुलाई भिलाई इस्पात संयंत्र के लिए करना है। विभागीय अधिकारियो के मुताबिक दस साल पूर्व तक इस रुट पर दुर्ग से दल्लीराजहरा पैसेंजर गाड़ी चलती थी। लेकिन रावघाट लाइन के विस्तार योजना से भानुप्रतापपुर,केंवटी दल्ली राजहरा और रायपुर के लिए छह पैसेंजर गाड़ियां चल रही हैं। स्टेशन का पुनर्विकास कार्य पूर्ण हो के बाद सबसे ज्यादा सुविधा भिलाई इस्पात संयंत्र को रावघाट माइंस से आयरन ओर की ढुलाई में होगी। रावघाट तक ट्रैक का विस्तार हो जाने के बाद पैसेंजर गाड़ियों की संख्या भी बढ़ने की संभावना है। मड़ौदा स्टेशन का विकास तीन फेस में होना है। अभी फेस -1 का काम करीबन पचास फीसदी हो चुका है। पिछले माह डीआरएम ने स्टेशन का दौरा कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश विभागीय अधिकारियों व निर्मात्री एजेसी को दिए थे।

## डीआरएम ने दिए निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश





### प्रवेश द्वार, चार शेड व लगाए टाइल्स

मड़ौदा स्टेशन के पुनर्विकास के तहत इसे अधिक आकर्षक व सुविधाजनक बनाया जा रहा है। यहां एकमात्र प्लेटफार्म है जिसमें दो नए शेड निर्माण के साथ टाइल्स भी लगाए जा चुके हैं। पहले एक ही शेड था अब 4 शेड बन जाने से यात्रियों को सुविधा होगी। मुख्य प्रवेश द्वार, यात्री प्रतीक्षालय और टिकट काउंटर का निर्माण कार्य करीबन तीस फीसदी हो चुका है। सायकल स्टैंड पहले बन चुका है। बाजू में गुड्स रुम, आरपीएफ कक्ष व स्विच रुम का निर्माण भी होना है। इसके अलावा दिव्यांगों व महिलाओं के लिए टायलेट निर्माणाधीन है। महिला व पुरुष प्रतीक्षालय बनाए जाने हैं। फेस टू और फेस थ्री में प्लेट फार्म का विस्तार 85 मीटर तक किया जाना है और यहां फुटओवरब्रिज और लिफ्ट भी लगाई जाएगी। गौरतलब हो कि पिछले महीने डीआरएम ने निर्माण कार्य में तेजी ला इस स्टेशन को अधिक सुविधापूर्ण बनाने और सायकल स्टैंड, पार्किक को विस्तारित व व्यस्थित कर बाउंड्रीवाल को और पीछे ले जाने के निर्देश निर्मात्री एजेंसी को दिए हैं।

# तीस साल सेवाएं पूरी करने वाले निगम कर्मी होंगे पदोन्नत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में 30 साल की सेवाएं पूरी करने वालों को पदोन्नति मिलेगी। स्वीकृत पदसंरचना एवं विभागीय भर्ती नियम अनुसार पात्र अधिकारी एवं कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जा रहा है। जिन अधिकारी एवं कर्मचारियों का समयमान वेतनमान का लाभ दिये जाने के पूर्व विभागीय पदोन्नति प्रक्रिया हो रही है। 5 वर्षो के गोपनीय प्रतिवेदनों की जांच कर एवं संबंधितों से पूर्ण कराकर तथा विभागीय जांच समाप्ति की स्थिति अनुसार समयमान वेतनमान का लाभ भी दिया जाएगा।

- विभागीय जांच समिति कर रही है कर्मियों की गोपनीय प्रतिवेदनों की जांच

### दिव्यांग कर्मियों को आरक्षण

निगम द्वारा विकलांग कर्मचारियों को स्वीकृत पदसंरचना पदोन्नति कोटे के उपलब्ध पदों पर शासन द्वारा निर्धारित विकलांग कर्मचारियों के आरक्षण अनुसार पात्र कर्मचारियों को पदोन्नति दी जाएगी। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को संयुक्त वरिष्ठता सूची के आधार पर पात्र चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का वर्ष 2008 से अब तक लगभग 50 कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया गया है।

### पदोन्नति समिति की बैठक अनुशंसा

विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक 9 जनवरी को हुई थी। समिति के अनुशंसा अनुसार सहायक ग्रेड-3 के पद पर 1 एवं सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर 2 कर्मचारियों की पदोन्नति आदेश जारी की गई है। भविष्य में रिक्त होने वाले पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही की जाएगी। जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक निगम मद में राशि उपलब्धता के आधार पर नगर पालिक निगम, भिलाई से सेवानिवृत्त हुये अधिकारी एवं कर्मचारियों के देय स्वत्वों का भुगतान किया जाता है। निगम के सेवानिवृत्त एवं मृतक अधिकारी एवं कर्मचारियों के उपादान भुगतान 1085.36 लाख की संचित निधि से आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसके परिपालन में निगम द्वारा वर्ष 2018 से 2024 तक 209 सेवानिवृत्त एवं मृतक अधिकारी एवं कर्मचारी का उपादान 1085.36 लाख भुगतान किया गया है।

### वूमेन फॉर ट्री के महिला स्व सहायता समूहों को मिला मानदेय

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत 12500 पौधा रोपण कर संधारण एवं रखरखाव करने वाली 125 महिलाओं को तीन माह का मानदेय जारी किया गया है। वूमेन फॉर ट्री योजना अंतर्गत कार्यरत 40 महिला स्व सहायता समूहों को माह अगस्त 2025, सितम्बर 2025 एवं अक्टूबर 2025 का मानदेय राशि रू. 27,23,802.00 का भुगतान एस.एन.ए. स्पर्श के माध्यम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, राज्य शहरी विकास अभिकरण, नवा रायपुर को प्रेषित किया गया था। उक्त राशि निगम के खाते में प्राप्त होने के उपरांत तत्काल निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सभी 40 महिला स्व सहायता समूहों को मानदेय भुगतान किया गया है। शेष 2 माह नवम्बर एवं दिसम्बर 2025 का मानदेय भुगतान हेतु शासन को लगभग 1 माह पूर्व देयक प्रेषित किया गया है। राशि प्राप्त होने पश्चात शेष 2 माह का मानदेय भी भुगतान किया जायेगा।



# बीएसपी में एससी, एसटी विक्रेताओं के लिए विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सामग्री प्रबंधन विभाग द्वारा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति वर्ग के विक्रेताओं के लिए इस्पात भवन में विशेष वेंडर डेवलपमेंट कार्यशाला का आयोजन किया गया। 22 विक्रेताओं ने ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से सहभागिता की। इस अवसर पर वेंडर डेवलपमेंट सेल के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे। बीएसपी की विभिन्न श्रेणियों में आवश्यक सामग्रियों, वेंडर पंजीकरण प्रक्रिया तथा अवसरों पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि वर्तमान में 47 टेंडर्स विशेष रूप से एससी/एसटी उद्यमियों के लिए आरक्षित की गई हैं तथा भविष्य में इनकी संख्या बढ़ाए जाने का प्रस्ताव है।



- 47 ट्रेडर्स आरक्षित किए

### तकनीकी पहलुओं को किया साझा

कार्यशाला में ई-टेंडर पोर्टल पर तकनीकी प्रस्तुति दी गई। इसमे वेंडर लॉग-इन, टेंडर सबमिशन प्रक्रिया सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की जानकारी साझा की गई। संवादात्मक प्रश्नोत्तर सत्र का भी आयोजन किया गया, जिसमें विक्रेताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। वेंडर डेवलपमेंट सेल के प्रभारी एम शर्मा ने विक्रेताओं से बीएसपी में उपलब्ध व्यावसायिक अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जा रही सुविधाओं का पूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यशाला का संचालन वेंडर हेल्प डेस्क से पी जनबंधु वउपासना देशमुख ने किया।

# निगम के अधीक्षण अभियंता सहित आठ कर्मचारियों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई से सेवानिवृत्त होने वाले आठ अधिकारियों व कर्मचारियों को बिदाई दी गई। मुख्य कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा मुख्य अभियंता भागीरथी वर्मा, उपायुक्त डी. के. कोसरिया एवं अधीक्षण अभियंता अजीत कुमार तिग्गा की उपस्थिति में अधीक्षण अभियंता संजय कुमार शर्मा, दीपक जोशी, समयपाल/कार्य सहायक ग्रेड-2 दामोदर सिंह वर्मा, डाटा एन्ट्री आपरेटर विश्वजीत सेनगुप्ता, पम्प सहायक सुदामा कुमार परगनिहा, चैकीदार रामकुमार शर्मा, सफाई कामगार मंगलराम एवं रेजा जमुना बाई को निगम प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। निगम आयुक्त सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के किये गये कार्यो को याद करते हुए शुभकानाएं दी और शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त पश्चात परिवारिक दायित्व के निर्वहन में अपना समय देने हेतु आग्रह किया आयुक्त द्वारा कहा गया कि आगामी समय में अधिकारी एवं कर्मचारियों की कमी से निगम का कार्य और कठिन होता जायेगा, इसलिए हमें वरिष्ठों से अनुभव लेते हुए कार्य करना है। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी संजय कुमार शर्मा, दीपक कुमार जोशी एवं विश्वजीत सेनगुप्ता ने निगम में किये गये अपने अनुभव साझा किये और निगम के कार्य की सराहना करते हुए कहा गया कि निगम में जन्म, जीवन एवं अंतिम छण तक के लिए कार्य किया जाता है, जो कि अन्य विभागों में संभव नहीं है। बिदाई कार्यक्रम में जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, स्थापना अधीक्षक शालनी घुरऊ, चंदन निर्मल, शंकर सुमन मरकाम, शरद दुबे, रामवृक्ष यादव, पुरूषोत्तम साहू, राजेश पालवे, विदयाधर देवांगन एवं संगठन के पदाधिकारी श्रवण ठाकुर, वामन राव, नवीन साहू, राजसच्चर, हेमंचद बंजारे उपस्थित रहे।



## केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बन रहे आवास

# आयुक्त ने प्रस्तावित और नवीन पीएम आवास का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण किया जाना है। आवास निर्माण हेतु अतिरिक्त स्थल की आवश्यकता को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा रिक्त स्थल का अवलोकन किया गया है। निगम आयुक्त ने स्मृति नगर बुद्व कालोनी, सूर्या विहार, हाउसिंग बोर्ड ढ़ाचा भवन सांई मंदिर के पास, कैलाश नगर भगवा चौक एवं प्रगति नगर में पीएम आवास हेतु रिक्त स्थल का अवलोकन किया है। उपस्थित तहसीलदार एवं पटवारी को सीमांकन कार्य जल्द पूर्ण करने कहा गया है। आयुक्त ने सूर्या विहार में निर्माणाधीन पीएम आवास का जायजा लिए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता लाने और कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने निर्देशित किये है, जिससे हितग्राहियों को मकान प्रदाय किया जा सके। प्रगति नगर में पूर्व से खेल मैदान एवं नवीन सड़क निर्माण प्रस्तावित है। नागरिकों की समस्याओं को देखते हुए कार्य जल्द प्रारंभ कराने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, उप अभियंता दीपक देवांगन, आदित्य सिंह एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



### नाली निर्माण को जल्द पूर्ण करें : आयुक्त पांडेय

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत निर्माणाधीन नाली, वाटर एटीएम सहित उद्यान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। चल रहे कार्य में गति लाते हुए समयावधि में कार्य पूर्ण कराने निर्देशित किये है। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता द्वारा सेक्टर 2 सड़क 4 के बगल में निर्माणाधीन नाली का निरीक्षण किया गया। नाली का लेवल ठीक करने कहा गया है, जिससे पानी का ठहराव न हो और पानी आसानी से आगे निकल सके। सेक्टर 2 ए मार्केट में नागरिको के पीने हेतु वाटर एटीएम स्थापित किया गया है, जिसका अवलोकन किया गया है। वर्तमान में वाटर एटीएम बंद है, जिसे चालू कराने निर्देशित किये है। आयुक्त ने उद्यान का अवलोकन करते हुए उद्यान के भीतर एवं बाहर साफ-सफाई कराने निर्देशित किये है। उद्यान में लगे खेलकूद सामग्री का आवश्यक संधारण कराने कहा गया है, जिससे बच्चे खेल सामग्री का उपयोग कर सके। निरीक्षण के दौरान उप अभियंता दीपक देवांगन, अशोक देवांगन एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।





हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 5 फरवरी 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04

शादियों में पहनिए ऐसे लहंगे...

लाइव इवेंट

## बच्चों ने बंगाली, मराठी और पंजाबी पारंपरिक लोक नृत्यों से बिखेरी सतरंगी छटा



**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी व अंग्रेजी विद्यालय निकुम में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच भागवत पटेल, पंचराम देशमुख प्राचार्य एस देवराजन सहित पहुंचे सभी अतिथियों दवरा माता सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। आयोजन की शुरुआत बच्चों ने सरस्वती वंदना और गणेश पूजा के नृत्य से की। जिसमें स्कूल के नन्हे बच्चे और हाई स्कूल के स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सतरंगी छटा बिखेरी। जिसमें छत्तीसगढ़ी बारहमासी गीत, बंगाली, साउथ इंडियन, महाराष्ट्र, पंजाबी, रिमिक्स, देशभक्ति सहित भारत की लोक संस्कृति की मंत्र मुग्ध छटा बिखेरी। वही मेधावी स्कूली बच्चों, खेलकूद सहित एक्टिविटी में बच्चों को मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र सहित नगद राशि देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों ने ऐसी धूम मचाई कि कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर शाला विकास समिति अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पालक विकास समिति अध्यक्ष दिलीप साहू सहित जनपद सदस्य लीलावती देशमुख, पूर्व सरपंच निकुम मुक्ति सुधाकर सहित सभी शिक्षक सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और दर्शक उपस्थित थे।



पीस ऑडिटोरियम में शिव जयंती उत्सव की शुरुआत, फहराया गया शिव ध्वज

# आत्म-चिंतन कर अपनी कमजोरियों और अवगुणों को पहचानकर शिव पर करें अर्पित, दूसरों को नहीं, बल्कि स्वयं को बदलने का समय



**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के 90वें वर्ष के अवसर पर सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में वसंत ऋतु के आगमन पर महाशिवरात्रि पर्व शिव जयंती उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर महाशिवरात्रि परिवर्तन मास की शुरुआत भी की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा ने कहा कि यह समय विश्व परिवर्तन, स्वयं के परिवर्तन और संस्कारों के परिवर्तन का है। उन्होंने कहा कि पुरानी दुनिया बदलकर नई दुनिया का आगमन होगा, ऐसे में हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने संस्कारों को सतोगुणी और दैवीय बनाएं। उन्होंने बताया कि नई दुनिया का अर्थ एक ऐसी पावन दुनिया है, जहां एक राज्य, एक धर्म और एक भाषा थी। इसी दिशा में आत्म-परिवर्तन की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए मेरा उपहार परमात्मा को अभियान चलाया जा रहा है।

### महाशिवरात्रि तक आत्म-चिंतन का संकल्प

ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व तक सभी भाई-बहन आत्म-चिंतन के माध्यम से अपनी कमी-कमजोरियों और अवगुणों को पहचानकर उन्हें भोलेनाथ शिव पर अर्पित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आज आवश्यकता दूसरों को बदलने की नहीं, बल्कि स्वयं को बदलने की है। उन्होंने संदेश दिया कि दूसरों में अवगुण देखने की वृत्ति को बदलें और विशेषताएं देखने की आदत विकसित करें। सोचो और करो, केवल देखते मत रहो यह प्रेरक संदेश भी उन्होंने दिया।





### तीन श्रेष्ठ आसन का महत्व बताया

कार्यक्रम में आशा दीदी ने तीन श्रेष्ठ आसन तख्त का उल्लेख करते हुए बताया कि भृकुटी के मध्य आत्मा मालिक का तख्त, शिव परमात्मा भोलेनाथ का दिल तख्त, नई सृष्टि के राज्य अधिकारी का तख्त। उन्होंने कहा कि आत्मा भृकुटी के मध्य निवास करती है और परमात्मा की संतान बनकर शरीर रूपी कर्मेंद्रियों द्वारा श्रेष्ठ कर्म करती है। लक्ष्य यह है कि आत्मा भविष्य की नई दैवीय दुनिया की सर्वगुण संपन्न राज्य अधिकारी बने।

### दीप प्रज्वलन, शिव ध्वज और आकर्षक सजावट

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी दीदियों ने दीपक जलाकर और शिव ध्वज फहराकर महाशिवरात्रि परिवर्तन मास की शुरुआत की। साथ ही सभी ब्रह्मा वत्सों ने संकल्प लिया कि वे स्व-उन्नति चार्ट भरकर अपनी कमियों को लिखेंगे और महाशिवरात्रि के दिन शिव परमात्मा को अर्पित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर फूलों से विशाल ज्योतिर्लिंग की रंगोली बनाई गई, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही। पीस ऑडिटोरियम और परिसर को शिव ध्वजों से भव्य रूप से सजाया गया है।

## ग्राम अरसनारा मे मानस गान

दुर्ग। महाशिवरात्रि के अवसर पर 14 और 15 फरवरी 2026 को समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से अरसनारा में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी बाल त्रिमूर्ति मानस मंडली के अध्यक्ष रामा लोधी ने दी।

लाइव इवेंट

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियों से भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को मंच पर किया सजीव



**भिलाई।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, चरोदा-भिलाई ने विद्यालय का प्रथम वार्षिक समारोह आरोहन द एसेन्ट का आयोजित किया। विद्यालय परिसर में शाम 5 बजे प्रारंभ इस आयोजन में शिक्षा विभाग से जुड़े गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश बरमन, क्षेत्रीय अधिकारी केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई रायपुर थे। विशिष्ट भावना चौहान प्राचार्य शासकीय सीटीई रायपुर, पीसी मरकले प्राचार्य डायट दुर्ग, ज्वाइंट डायरेक्टर लोक शिक्षण दुर्ग आरएल ठाकुर, मीना वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष कुम्हारी, स्कूल प्रिंसिपल शिशिर प्रकाश थे। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य, लोकनृत्य, समूह नृत्य, वादन, गायन और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत को सजीव रूप में मंच पर प्रस्तुत किया। विभिन्न राज्यों की लोकसंस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को सशक्त रूप से दर्शाया। विद्यार्थियों की भाव-भंगिमा, मंच अनुशासन एवं आत्मविश्वास ने सभी दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. पीडी शर्मा और चेयरमैन गुरबख्श सिंह छाबड़ा ने विद्यालय की शैक्षणिक दृष्टि, मूल्यों एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का लक्ष्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन एवं वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करना है। नगर पालिका अध्यक्ष मीना वर्मा द्वारा अपने वक्तव्य को बहुत ही सुंदर कविताओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया कि किस प्रकार स्कूल का वातावरण होना चाहिए। मुख्य अतिथि जगदीश बरमन ने अपने उद्बोधन में विद्यालय द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के वार्षिक समारोह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं मंचीय कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भावना चौहान और पीसी मरकले ने कहा कि विद्यालय का वातावरण अनुशासन, नवाचार एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है।



# यूथ कॉर्निवाल 2026 का आज से होगा आगाज







**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स भिलाई में इंटर इंस्टीट्यूट वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल उत्सव कार्निवाल 2026 का आयोजन 5 से 7 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और विधायक रिकेश सेन रूंगटा कार्निवाल 2026 में शामिल होंगे। आज शाम पॉपुलर इंडियन सिंगर, एक्ट्रेस और यूथ आइकॉन ध्वनि भानुशाली की टीम का लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए स्पेशल साउंड सिस्टम लगाया जा रहा है।

आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को मुंबई के प्रतिष्ठित बैंड का लाइव कॉन्सर्ट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव शामिल होंगे। शनिवार को कार्निवाल के समापन समारोह में

तकनिकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार कैबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहेंगे। कार्निवाल के अंतर्गत रूंगटा कॉलेज ऑफ़ डेंटल साइंस एंड रिसर्च, आरएसआर रूंगटा कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज, रूंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च, रूंगटा कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, रूंगटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड मैनेजमेंट एवं रूंगटा प्राइवेट आईटीआई के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। इंटर इंस्टिट्यूट वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेल उत्सव कार्निवाल 2026 में लगभग 8 हजार स्टूडेंट अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

कार्निवाल में खेलकूद सहित कई सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित किये जायेंगे। जिसमें प्रमुख रुप से क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, ग्रुप और सोलो डांस, बैटल ऑफ़ डांस, अंताक्षरी, मास्टरशेफ सहित रैप सांग, रील्स, फोटोग्राफी सहित अन्य आयोजन होंगे।

# कालीबाड़ी से. 6 में शनि देव और नवग्रह स्थापना के 14 वर्ष पूरे, हुई विशेष पूजा



**भिलाई।** कालीबाड़ी सेक्टर 6 में शनि देव और नवग्रह स्थापना के 14 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्ति और आस्था से ओत-प्रोत वातावरण में कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह शनि देव के विधिवत अभिषेक से हुआ। इसके बाद पारंपरिक विधि-विधान से पूजा, हवन एवं आरती संपन्न कराई गई। समस्त धार्मिक अनुष्ठान शांति, समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना के साथ किए गए। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे।

आयोजन के दौरान कालीबाड़ी परिसर श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति भाव से सराबोर रहा। आयोजन डॉ प्रदीप कुमार चौधरी और कालीबाड़ी आयोजन समिति के संजय दत्ता ने सभी भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य यजमान डॉ प्रदीप चौधरी, डॉ आरती चौधरी, डॉ संध्या चौधरी सहित भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, तिलक राज, सोमेश त्रिवेदी और अनेक भक्त उपस्थित थे।

झूलों और फूलों को देख रोमांचित हो रहे स्कूली बच्चे

# नन्हे पर्यटकों से गुलजार हुआ मैत्रीबाग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** इन दिनों मैत्रीबाग नन्हे पर्यटकों से गुलजार है। जाती हुई ठंड के बीच एक्जाम के पूर्व ट्विनसिटी के साथ अंचल के स्कूली बच्चों की टीमों के आने से रौनक बढ़ गई है। विभिन्न नर्सरी व प्रायमरी स्कूलों के नौनिहाल सिंगिंग और डांस के साथ खूबसूरत वन्य प्राणियों के बीच खूब इंजाय कर रहे हैं। बच्चों और साथ आईं शिक्षिकाओं के लिए फ्लावर शो के लिए संवर रहे मैत्रीबाग के चारों ओर खिले फूलों और तरह तरह के झूलों का लुत्फ उठाना एक खुशनुमा अनुभव है। कड़कड़ाती ठंड के बाद वसंत के मौसम और रविवार को होने वाली पुष्प प्रदर्शनी के मैत्रीबाग की फुलवारियों की सजावट से माहौल खुशनुमा हो गया है। इस खुशगवार नजारे को देख मैत्रीबाग आने वाले छोटे छोटे बच्चे खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। महांत या अगले महीने से शुरु होने वाली परीक्षाओं के पूर्व विभिन्न स्थानों से भ्रमण के लिए मैत्रीबाग आने वाले स्कूली बच्चों के दलों के यहां आने का सिलसिला बढ़ गया है। वन्य प्राणियों का दीदार करते नाचते कूदते यह बच्चे सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। रोज पांच, दस स्कूलों के बच्चों की टीम पिकनिक मनाने यहां आ रही है। छोटे छोटे बच्चे अपनी शिक्षिकाओं के साथ झूलों, फिसलनपट्टी आदि का लुत्फ उठाते हुए जानवरों और



परिंदों का नजारा लेते रोमांचित हो रहे हैं। केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर से तीन बसों में यहां भ्रमण के लिए आए बच्चों में अधिकतर पहली बार ऐसे मोहक नजारे से रुबरु हो रहे हैं। शिक्षिका दीपिका बताती हैं कि एक्जाम के पहले बच्चों के रिलेक्स होने यहां लाए हैं। टाईगर, बीयर व डीयर जैसे खूबसूरत जानवरों को इतने करीब से देखना बच्चो को अच्छा लग रहा है। अशुल, प्रभजोत और आशु आदि बच्चे बताते हैं कि पहली बार मैत्रीबाग जू आए हैं। जू के एनिमल्स और हर तरफ फूलों को देख अच्छा लग रहा है। एनजेबी स्कूल के रेशम दुबे और निहारिका बताते हैं कि हम मैत्रीबाग में शाम तक रहेंगे और परीक्षा के लिए उत्साह लेकर लौटेंगे।



## स्पोर्ट्स लाइव

### ताईक्वांडो में दुर्ग-भिलाई के खिलाड़ियों का प्रदर्शन रहा बेहतर, जीता स्वर्ण पदक



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य ताइक्वांडो संघ बिलासपुर द्वारा 6वीं राज्य स्तरीय स्वर्ण कप आमंत्रण ताइक्वांडो प्रतियोगिता बिलासपुर आयोजित की गई। 18 जिलों के लगभग 550 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें दुर्ग जिला के 80 खिलाड़ियों ने भाग लिया और बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए दुर्ग जिला टीम द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रथम रनर उप ट्राफी पर कब्जा किया। ताइक्वांडो संघ दुर्ग के सचिव व राष्ट्रीय रेफरी राकेश पुरी गोस्वामी ने बताया कि और आगे बताया कि प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में दुर्ग से राकेश पुरी गोस्वामी और ज्योति वर्मा की भूमिका रही। वहीं मुख्य रूप से दुर्ग जिला का कोच और मैनेजर अनिल कुमार देवांगन, चंद्रकुमार साहू, मृत्युंजय प्रधान, ईशु यादव , डोमिनिक पियर्स को दिया गया था, जिन्होंने बहुत ही जिम्मेदारी से निभाया और टीम उपविजेता रही। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सुहाना गुरुडीक, हर्षित शर्मा, अभिजीत दुबे, जतिन नायक, तनय मेश्राम,मोहित डहरिया, सोनिया सोनी, अक्षया शिवानी, कुश्मीता साहू, तनमय साहू, प्रखर पटेल, समृद्ध ताम्रकार, सोवित ताम्रकार, शिवाय ताम्रकार, नाव्या साहू रहे। रजत पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आरची गार्डगे, अनन्या गोस्वामी,रोहित रघुनाथ नायर,मितुल कुमार साहू,दिव्यांश देवागन, प्रणय कुमार, रेयांशी देवांगन, पूरन कौर, स्मृति पल, चैतन्य साहू, रेयांशी साहू, सौम्य केवट, प्रत्यक्ष यदु, प्रयास यदु, शौर्य झा रहे।

## समाज लाइव

### ऊर्जा विभाग ने लगाई प्रदर्शनी बिजली बचत की दी जानकारी



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के अंतर्गत नगर संभाग पूर्व भिलाई द्वारा चरोदा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम ने विभाग की विगत 25 वर्षों की उपलब्धियों और जन-सेवा के संकल्प को प्रदर्शित किया। सामुदायिक भवन चरोदा में आयोजित इस समारोह में भिलाई चरोदा नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष राम खिलावन वर्मा और विभिन्न वार्डों के पार्षद शामिल हुए। अधीक्षण अभियंता जे. जगन्नाथ प्रसाद और कार्यपालन अभियंता टीएन बंछोर के नेतृत्व में पूरी टीम ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विभाग की डिजिटल और आधुनिक प्रदर्शनी रही। प्रोजेक्टर के माध्यम से उपभोक्ताओं को बिजली बचत और विभागीय योजनाओं की बारीकियां समझाई गईं। साथ ही बेहतर तालमेल दिखाने वाले विभिन्न श्रेणियों के उपभोक्ताओं का उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में पीएम सूर्य घर योजना के उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। घरेलू, गैर घरेलू, कृषि और बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

## समाज इवेंट

### प्रस्तुतियों से बच्चों ने बटोरी तालियां




**भिलाई।** नेशनल एकेडमी स्कूल रिसाली रोड धनोरा में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से तालियां बटोरी। वहीं उत्कृष्ट बच्चों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष और हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह पत्नी अमनदीप कौर के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय परिवार, शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किए। कार्यक्रम के दौरान सर्व समाज कल्याण समिति के महासचिव मलकीत सिंह, उपाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।

### सेवा, समरसता और संस्कारों के साथ प्रतिभावान हुए सम्मानित



**भिलाई।** शपथ फाउंडेशन के तत्वावधान में पायोनियर मॉन्यूमेंट, सिविक सेंटर में थैंक्यू भिलाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। 2 फरवरी, 1955 को तत्कालीन सोवियत संघ द्वारा भिलाई में स्टील प्लांट की स्थापना के ऐतिहासिक दिवस की वर्षगांठ पर यह कार्यक्रम सैकड़ों भिलाइन्स के जोश, जज्बे और जुनून के बीच आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की विशिष्ट हस्तियों और सर्वधर्म गुरुओं की उपस्थिति में रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर थैंक्यू भिलाई का उद्घोष किया गया। शहर की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और धरोहर को लेकर प्रश्नोत्तर भी आयोजित किए गए, सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान पंथी नृत्य और राज्य गीत अरपा पैरी के धार गाकर समां बांधा। स्वागत भाषण शपथ फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने तथा प्रतिवेदन संरक्षक वीरेंद्र सतपथी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों की नौ हस्तियों को भिलाई नवरत्न सम्मान और तीन शख्सियतों को विशिष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभंजय चतुर्वेदी, राजेन्द्र प्रसाद,पी टी उल्लास, दिनेश लोहिया और रश्मि सागर सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

### ● जवाहर नगर भिलाई में आयोजित धार्मिक आयोजन में दूर-दराज से शामिल हुए भक्त

# 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ में पूर्णाहुति कर देव शक्तियों को दी विदाई, 500 से ज्यादा लोगों ने डाली आहूति

भिलाई। गायत्री शक्तिपीठ केम्प-2 भिलाई के मार्गदर्शन में वैशाली नगर महाविद्यालय के पास जवाहर नगर भिलाई दुर्गा मंच में तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ अनुष्ठान की पूर्णाहुति कर देवशक्तियों की विदाई दी गई। क्षेत्र में पहली बार हुए गायत्री यज्ञ में लगभग पांच सौ से अधिक लोगों ने यज्ञ में आहूति समर्पित की। गायत्री शक्तिपीठ केम्प-2 के सहयोग से आयोजित गायत्री यज्ञ और संस्कार को गायत्री परिवार के प्रज्ञापुत्र महेन्द्र वर्मा, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, गिरधारी लाल साहू, सुनील वैष्णव की टीम द्वारा वैदिक विधि से सम्पन्न कराया गया।



#### युवा पीढ़ी को आगे लाने यज्ञ जरुरी

जवाहर नगर में पहली बार गायत्री यज्ञ होने से श्रद्धालुओं की भीड़ अधिक रही। यज्ञ के दौरान टोली प्रमुख रामस्वरूप साहू कहा कि अपनी संस्कृति और संस्कार परम्परा को दीर्घ काल तक जीवंत बनाये रखना है तो हमें यज्ञ करना आवश्यक है, इससे युवा पीढ़ी आगे आयेंगे। तभी परिवार संस्कारी होगा। रामस्वरूप ने कहा कि अपने आप को सुधारना ही संसार की सबसे बड़ी सेवा है इसलिए दूसरो को उपदेश देने से पहले उस स्थिति को स्वयं में पहले उतारें। व्यसन और फैशन से दूर रहे। जीवन में प्रसन्न रहने के दो ही सटीक उपाय है। आवश्यकता कम करे और परिस्थिति से तालमेल बैठाते चले।

#### जाति, लिंग और भाषा के आधार पर भेदभाव नहीं



टोली सहायक महेन्द्र वर्मा ने कहा कि हम सबको समाज निर्माण और राष्ट्र निर्माण और उत्थान की बात करनी होगी। गायत्री परिवार राष्ट्रीय एकता और अखंडता की बात करती है। हमें जाति, लिंग, भाषा प्रांत के आधार पर किसी तरह से भेदभाव नही करनी है। पं श्रीराम शर्मा आचार्य ने वसुधैव कुटुम्बकम के आधार पर विश्व निर्माण की कल्पना किया है। यज्ञ में उपस्थित गायत्री परिवार उप जोन समन्वयक एस पी सिंह ने गुटका, तम्बाकू, शराब जैसी नशीले पदार्थो का सेवन न करने की बातें कहते हुए कहा कि इससे तन, मन, धन, पद प्रतिष्ठा, परिवार संस्था व आत्म-सम्मान की क्षति होती है। गायत्री मंत्र की साधना से इन सभी बुराइयों को दूर किया जा सकता है। युवा सावधान रहकर नशा से दूर रहें।

#### यह रहे उपस्थित

जवाहर नगर भिलाई में आयोजित पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ पूर्णाहुति के अवसर पर गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता बी.पी.सिंह, समयलाल साहू, एस पी सिंह, मोहन उमरे, डॉ पी.एल. साव, अनीता साव, रामाधार महिलांग, उमा शंकर सिंह, भगवान वर्मा, लखनू बावनकर, लखनु राम साहू, गयाशंकर वर्मा, प्रेमिया दमाहे, सुदामा दमाहे, फुलचंद साहू, राजकिशोर उपाध्याय, रामभाऊ पाण्डेय, भोला किशोर, संतराम, श्याम विश्वकर्मा, दयालाल साहू, वेदराम साहू, हेमलाल साहू, महेन्द्र वर्मा, रामस्वरूप साहू, पृथ्वीपाल साहू, गिरधारी लाल साहू, सुनील वैष्णव सहित गायत्री शक्तिपीठ कैम्प-2 भिलाई के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आरती और शांतिपाठ के बाद भंडारा के आयोजन किया गया।

## सामाजिक आयोजन

### सुयोग्य जीवन साथी चुनने युवक-युवतियों ने दिया परिचय, दिखी सामाजिक एकता



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य ठेठवार यादव समाज भिलाई नगर इकाई के तत्वावधान में वार्षिक मिलन समारोह और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान समाज के युवाओं ने सुयोग्य जीवन साथी चुनने के लिए अपने-अपने विचार रखते हुए नशा, दहेज और प्री वेडिग शूट को नकारते हुए आदर्श विवाह करने का भी संदेश दिया।

कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, भिलाई नगर यादव ठेठवार समाज के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, राजिम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष गुलेंद्र यादव सहित समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहें। वक्ता के रूप में पाटन से बलराम यादव और रायपुर से मनी यादव ने समाज उत्थान के लिए अपनी बातें रखी। अतिथियों के द्वारा समाज के द्वारा प्रकाशित यादव दर्पण पुस्तिका के ग्यारहवां संस्करण का विमोचन किया गया। समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों द्वारा अपना परिचय मंच के माध्यम से दिया गया। अतिथियों ने समाज के प्रतिभाशाली बच्चों और उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाज के लोगो का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव, महासचिव राजेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष पवन कुमार यादव, संरक्षक गुलेंद्र यादव, उमाशंकर यादव, खेम सिंह यादव, घनश्याम सिंह यादव, ओंकारेश्वर यादव, कोमल यादव, पुखराज यादव, ईश्वरी यदु, लब सिंह यादव, रविंद्र यादव, प्रवीण यादव, श्रवण कुमार यादव, मोहन कुमार यादव, राजकुमार यादव, माधव यादव, देवेंद्र कुमार यादव, धर्मेंद्र यादव, रमेश यादव, मिथिलेश यादव, महेश कुमार यादव, सत्यनारायण यादव, पंडित चेतन लाल यादव, सहित महिला इकाई से अध्यक्ष श्रीमती सत्यभामा राजेंद्र यादव, महासचिव विजेता यादव, कोषाध्यक्ष डॉ रेणु यादव, संरक्षक वसुंधरा यादव, डॉ. सुषमा यादव, माया यादव, सरोज वीरेंद्र यादव, वंदना यादव, ममता यादव, सुषमा यादव, मंजू यादव, दीप्ति कृष्णवंशी, सुधा यादव, तारा पुखराज यादव, योगेश्वरी यादव, गायत्री यादव, किरण यादव, कविता यादव, वंदना यादव, सरिता यादव, शिवानी यादव, सुनीता यादव और युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष जयेंद्र यादव, महासचिव सूर्यकांत यादव, कोषाध्यक्ष गजेंद्र यादव, लोकचंद यादव, चंदन यादव, राजेश यादव, नरेंद्र यादव, तरुण यादव, प्रमोद यादव, रामेश्वर यादव, आशीष यादव ,नीरज यादव, रमेश यादव आदि मौजूद थे।

## कैंसर दिवस पर कार्यक्रम

### लोगों को बताया, कैंसर से बचने का तरीका, पम्पलेट बांटकर किया जागरूक



**सिविल अस्पताल सुपेला में विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन**

**भिलाई।** सिविल अस्पताल सुपेला में गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत अंतर्राष्ट्रीय कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिविल अस्पताल सुपेला में किया गया। जांच के दौरान मुंह के कैंसर के एक संदिग्ध मरीज पाए गए, जिन्हें जिला अस्पताल आगे की जांच के लिए रिफर किया गया।

बुधवार को लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में कैंसर जांच शिविर का आयोजन किया गया। ओपीडी के प्रवेश द्वार कैंसर संबंधी पाम्पलेंट लोगों को बांटे गए। डॉ. अंजली सिंह ने बताया कि मुख कैंसर, बच्चेदानी, स्तन कैंसर के लक्षणों की जांच की गई। इस दौरान मुख कैंसर के एक सस्पेक्ट पाए गए जिसे जिला अस्पताल दुर्ग रिफर किया गया। उन्होंने बताया कि लोगों को सभी प्रकार के कैंसरों के लक्षणों की जानकारी दी गई। लोगों को नशे से दूर रहने की सलाह दी गई। क्योंकि गुटखा, तम्बाकू आदि नशे के कारण लोगों में मुख का कैंसर ज्यादा पाए जाते हैं। कैंसर पखवाड़े के दौरान इस दौरान डॉ. पीयम सिंह प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मोहित सोनी शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. अनुरंजन टोप्पो अस्थिरोग विशेषज्ञ, डॉ. श्रेयस श्रीवास्तव चिकित्सा अधिकारी, डॉ. जे वार्षिका चिकित्सा अधिकारी, डॉ. अंजलि सिंह दांत रोग चिकित्सक, डॉ. मानसी जैन स्त्री रोग विशेषज्ञ, मुकुंद जंघेल कॉउंसरलर, कीर्ति साहू स्टॉफ नर्स, डोली साहू डेंटल असिस्टेंट, सीमा निर्मलकर मितानिन हेल्प डेस्क आदि शामिल थे।

### आर्य समाज मंदिर सेक्टर-6 भिलाई में साप्ताहिक सत्संग श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न

# कोई भी व्रत असत्य को छोड़ने और सत्य को अपनाने का संकल्प है, वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक वातावरण में दी गई आहूति

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में सत्संग का आयोजन वैदिक परंपरा और आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पहले चरण में आचार्य अंकित शास्त्री द्वारा अग्निहोत्र कराया गया, जिसमें मंत्रोच्चारण के साथ यजमानों का स्वागत किया गया।इस अवसर पर प्रमिला सरपाल द्वारा सत्यार्थ प्रकाश का वाचन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण गुप्ता ने किया। इस दौरान शाम को भजन कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। हरियाणा से भिलाई पहुंचे स्वामी आनंद स्वरूप का आर्य समाज की ओर से वैदिक आचार्य डॉ. अजय आर्य ने शॉल और वैदिक अभिनंदन के साथ स्वागत किया।





#### शास्त्रों में मन को ही बंधन और मोक्ष का कारण माना

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि कोई भी क्रिया तभी परिपूर्ण होती है जब उसके साथ मन जुड़ा हो। मन के बिना की गई क्रियाएं केवल दिखावा बनकर रह जाती हैं। उन्होंने रोचक उदाहरण देते हुए कहा कि कई बार आंखें खुली होती हैं, दृश्य सामने होता है, लेकिन मन मोबाइल में भटका रहता है, फिर शिकायत होती है कि कुछ दिखाई नहीं दिया। उन्होंने आगे कहा कि शास्त्रों में मन को ही बंधन और मोक्ष का कारण माना गया है। शतपथ ब्राह्मण में यज्ञ से पूर्व व्रती बनने का निर्देश दिया गया है। यह व्रत असत्य को छोड़ने और सत्य को अपनाने का संकल्प है। आचार्य ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि मन को पवित्र किए बिना ईश्वर की आराधना वैसी ही है जैसे बिना गैस के चूल्हे पर रोटी सेकने की कोशिश परिश्रम बहुत, परिणाम शून्य।

#### सच्चा मनुष्य बनाने के लिए ही है वेदों का संदेश

हरियाणा से पधारे स्वामी आनंद स्वरूप ने अपने उद्बोधन में कहा कि धर्मात्मा और विद्वान तो अनेक हो सकते हैं, किंतु योगी विरले ही होते हैं। वेदों का संदेश मनुष्य को सच्चा मनुष्य बनाने का है, इसलिए वेद मनुर्भव कहता है। जन्म से कोई मनुष्य पूर्ण मनुष्य नहीं बनता, उसे मनुष्यता का अभ्यास करना पड़ता है। स्वामी दयानंद के विचारों को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति सोच-समझकर कार्य करे, वही सच्चा मनुष्य है। जो अन्यायी बलवान से भी न डरे और निर्बल धर्मात्मा से भी भय रखे, वही मनुष्य कहलाने योग्य है। कार्यक्रम में प्रमिला सरपंच ने सत्यार्थ प्रकाश का वाचन किया। इस अवसर पर शुची क्षत्रिय, जवाहरलाल सरपंच, धर्मपाल खंडूजा, बसंत, सुदर्शन गुप्ता, मधु गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शांति पाठ और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी, दुर्ग, महासमुंद और राजनांदगांव की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग प्लेट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बुधवार को पहले राउंड के तीसरे एवं अंतिम दिन के मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में टीम बीएसपी ने कोरिया जिला के विरुद्ध नौ विकेट से जीत हासिल की और 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में बीएसपी टीम पहली पारी में 320 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरिया जिला पहली पारी में 142 रन पर आउट हुआ। फॉलोआन खेलते हुए बल्लेबाजी में कोरिया जिला की टीम दूसरी पारी में 221 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 44 रन बनाए। आरडीसीए रायपुर में टीम दुर्ग ने धमतरी के विरुद्ध 9 विकेट से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में दुर्ग टीम पहली पारी में 318 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में धमतरी टीम पहली पारी में 134 रन पर आउट हुई। फॉलोआन खेलते हुए बल्लेबाजी में धमतरी दूसरी पारी 240 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में दुर्ग ने दूसरी पारी में एक विकेट पर 57 रन बनाए।

धमतरी में टीम कोरबा के विरुद्ध महासमुंद ने 197 रन से जीत के साथ 6 अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम पहली पारी 218 रन पर आउट हो गई। बल्लेबाजी में कोरबा पहली पारी 171 रन पर आउट हुई। बल्लेबाजी में महासमुंद ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 326 रन के साथ पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में कोरबा दूसरी पारी 176 रन पर आउट हो गई। राजनांदगांव में टीम नारायणपुर के विरुद्ध राजनांदगांव ने एक पारी एवं 121 रन से जीत के साथ सात अंक हासिल किए। बल्लेबाजी में राजनांदगांव ने पहली पारी में 08 विकेट पर 498 रन के साथ पारी घोषित कर दी। बल्लेबाजी में नारायणपुर टीम पहली पारी में 181 रन पर आउट हो गई। फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में नारायणपुर टीम 196 रन बनाकर आउट हो गई।

### नारायणपुर मैराथन से लौटी जसोदा को सम्मानित किया वकीलों ने



**दुर्ग।** अधिवक्ता जसोदा सिक्का ने नारायणपुर मैराथन में हिस्सा लेकर पांचवा स्थान हासिल किया। उन्हे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों दस हजार रुपए नगद इनाम दिया गया। उनके दुर्ग आगमन पर दुर्ग में अधिवक्ताओं ने शुभकामनाएं दी और सम्मान किया।

जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग की पहल पर दुर्ग पहुंची जसोदा सिक्का का संघ के पूर्व अध्यक्ष गुलाब सिंह पटेल ने पुष्पगुच्छ देकर तथा मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। संघ के अन्य सदस्यों में नरेन्द्र सोनी, उत्तम चंदेल, संतोष वर्मा, बादशाह प्रसाद सिंह (सदस्य स्टेट बार काउंसिल)

संघ के पूर्व उपाध्यक्ष- फारूख, संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष- मनोज मून अमोद पाठक, आलोक सारस्वत, प्रभात पाण्डेय, अशोक यादव,हर्ष दुबे, निशा सिंह, आंचल, काजल मिश्रा, आकांक्षा जायसवाल, सविता पाध्ये, रेखा दुबे, मंदीप सिंह, जया श्रीवास्तव, नंदिनी चंद्रवंशी, पूनम मांझी, अनामिका, सारिका, अविनाश वर्मा, दीपक यावलकर, चंदनराय अल्तमश फारूकी, जे.पी. साहू, सलील दीपेन्द्र देशमुख, प्रशांत दुबे, एस.एन. पाण्डे, नर्सिंग शर्मा, ललित सेन, प्रेमनारायण साहू, पी.आर. सार्वा, चेतन लाल उके, घनश्याम साहू आदि अधिवक्ताओं ने भी उनका स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने संघ को गौरवान्वित करने वाली उपलब्धि के साथ उन्हे महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बताया।

### शालेय राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल में शामिल हुए खिलाड़ी

**रायपुर।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के



तत्वाधान में 69 वी शालेय राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल सीनियर बालक/बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर महाराष्ट्र में 30 जनवरी से 03 फरवरी तक किया गया। जिसमे छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका दोनों वर्गों की टीम शामिल हुई। जिसके लिए छत्तीसगढ़ के बालक टीम में प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा से श्रवण सिंह राजपूत एवं बालिका वर्ग में विनीता यादव का चयन किया गया। कोच के रूप में दिनेश वर्गीस एवं मृत्युंजय शर्मा व्यायाम शिक्षक शामिल हुए।

ऐसी आदतों को पहचानिए, जो समय से पहले आपको बूढ़ा बना रही

# मुश्किल नहीं है अपनी जीवनशैली में बदलाव कर हमेशा सदाबहार बने रहना, जरूरू कीजिए पहल

आपकी कुछ आदतें समय से पहले आपको बूढ़ा बना सकती हैं। जाने-अनजाने की गई इन गलतियों के चलते आप उम्र से काफी बड़ी नजर आ सकती हैं और इससे नुकसान भी हो सकता है। हम सभी स्वस्थ रहना चाहते हैं, लेकिन गलत खान-पान, अनियमित रूटीन और अनहेल्दी आदतों की वजह से हमारी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

इन आदतों के चलते न केवल हमारी सेहत प्रभावित होती है, बल्कि इनकी वजह से समय से पहले ही आप बूढ़ी हो सकती हैं। जी हां, जहां सही खान-पान और हेल्दी आदतें बढ़ती उम्र को रोकने में मदद कर सकती हैं। वहीं, गलत खान-पान और अनियमित जीवनशैली आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। इसलिए, इन आदतों को समय से पहले छोड़ना बहुत जरूरी है। यहां हम आपको 4 ऐसी आदतों के बारे में बता रहे हैं, जिनसे आप उम्र से बड़ी नजर आने लगती हैं। इस बारे में डाइटिशिन राधिका गोयल जानकारी दे रही हैं। राधिका सर्टिफाइड डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट हैं।



#### डाइटिंग करना

आप शायद इस बात से अनजान होंगी लेकिन डाइटिंग भी आपको समय से पहले बूढ़ा बना सकती है। अक्सर लोग डाइटिंग के चक्कर में किसी हेल्दी फैट्स को अपनी थाली से पूरी तरह गायब कर देते हैं, जो कि सेहत के लिहाज से ठीक नहीं है। हेल्दी फैट्स में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स होते हैं, जो स्किन को हाइड्रेटेड और हेल्दी बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। इसलिए, किसी एक फूड ग्रुप को पूरी तरह न छोड़ें।

#### नाश्ते में बहुत ज्यादा फल खाना

फल बेशक सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं, लेकिन हेल्दी चीजों में भी सही बैलेंस बनाए रखना जरूरी है। फल न्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं और इन्हें डेली डाइट में शामिल करना चाहिए। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा फल नाश्ते में लेती हैं, तो इससे फ्रक्टोज इनटेक बढ़ सकता है और इसकी वजह से ब्लड शुगर लेवल में उतार-चढ़ाव होने लगते हैं। इससे एसिड रिफ्लक्स, ब्लोटिंग और पेट से जुड़ी परेशानियां हो सकती हैं। इनका असर हमारी स्किन पर भी होता है।



#### लेट नाइट क्रेविंग्स

अगर आपको रात में भूख लगती है और आप मिडनाइट में स्नैक्स खाती हैं, तो इसका असर भी आपकी सेहत और एजिंग पर हो सकता है। लेट नाइट इटिंग, डाइजेशन पर बुरा असर डालती है। इसकी वजह से शरीर में फैट और टॉक्सिन्स जमा होने लगते हैं। जिससे आपकी स्किन जल्दी बूढ़ी नजर आती है।

#### एक जगह बैठे रहना

अगर आप लंबे समय तक एक जगह बैठी रहती हैं, तो इसका असर भी आपके डाइजेशन और हेल्थ पर होता है। बैठे रहने से मेटाबॉलिज्म स्लो होता है। जिसकी वजह से फैट, एनर्जी में नहीं बदल पाते हैं और इससे एजिंग जल्दी होती है। अगर आप लंबे समय तक जवां बनी रहना चाहती हैं।

## फेडरेशन कप वॉलीबाल में जारी है शानदार मुकाबले



**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन कप वॉलीबाल चैंपियनशिप के दूसरे दिन बुधवार को शानदार मुकाबले हुए। यहां पुरुष वर्ग के मुकाबलों में कई रोमांचक मैच देखने को मिले। सुबह खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ और झारखंड के बीच कड़ा संघर्ष हुआ, जिसमें झारखंड ने छत्तीसगढ़ को 3–1 से पराजित किया। मैच का सेट स्कोर 25-23, 25-17, 15-25, 25-23 रहा। दूसरा मुकाबला केरल और राजस्थान के बीच खेला गया, जिसमें केरल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान को 3–0 से हराया। सेट स्कोर 25-19, 25-21, 25-18 रहा। वहीं हरियाणा और सर्विसेज के बीच खेले गए मैच में सर्विसेज की टीम ने वापसी करते हुए हरियाणा को 3–1 से पराजित किया। सेट स्कोर 19-25, 25-17, 25-18, 25-18 रहा। एक अन्य मुकाबले में इंडियन रेलवे और तमिलनाडु आमने-सामने हुए, जिसमें तमिलनाडु ने प्रभावशाली खेल दिखाते हुए इंडियन रेलवे को 3–0 से हराया। सेट स्कोर 27-25, 25-19, 25-19 रहा। महिला वर्ग के मैच में इंडियन यूनिवर्सिटी और राजस्थान के बीच मुकाबला खेला गया, जिसमें इंडियन यूनिवर्सिटी ने राजस्थान को 3–1 से पराजित किया। सेट स्कोर 25-22, 28-26, 19-25, 25-20 रहा।



## खाने में आप भी ऊपर से छिड़कते हैं नमक तो जान लें नुकसान

क्या आप भी खाने के ऊपर से नमक छिड़क कर खाते हैं? जान लीजिए ऐसा करने से आपकी सेहत को कितना नुकसान हो सकता है।खाने का स्वाद अच्छा हो इसके लिए खाने में नमक होना बहुत जरूरी है। बिना नमक के तो खाना स्वादिष्ट बना ही नहीं सकता। यह जितना स्वाद के लिए जरूरी है उतना सेहत के लिए भी जरूरी है। सही मात्रा में इसका सेवन किया जाए तो शरीर को कई लाभ मिलते हैं, वहीं कुछ लोगों की आदत होती है कि वह खाने में ऊपर से नमक छिड़क कर खाते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक हो सकता है। जरूरत से ज्यादा नमक का सेवन शरीर में कई तरह की बीमारियों को जन्म दे सकता है। आइए जानते हैं नमक ज्यादा का सेवन करने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती है?



#### ज्यादा नमक खाने के नुकसान

जरूर से ज्यादा नमक का सेवन आपको बीपी का मरीज बन सकता है। नमक में सोडियम होता है और जब आप इसका सेवन ज्यादा करते हैं, तो इससे शरीर में पानी जमा होने लगता है। इससे ब्लड वेसल्स पर दबाव पड़ता है और ब्लड प्रेशर हाई हो जाता है।

नमक का सेवन करने से जब ब्लड प्रेशर बढ़ता है तो इससे दिल पर भी दबाव पड़ता है। दिल को ब्लड पंप करने में ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। इस कारण हार्ट अटैक, स्ट्रोक जैसी हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है। ज्यादा नमक का सेवन करने से शरीर में वाटर रिटेंशन हो सकता है जिसे हाथ पैर में सूजन की समस्या हो सकती है। इसे एडिमा के रूप में जाना जाता है, यह खासकर उंगलियों और टेक्नो के आसपास महसूस की जा सकती है। ज्यादा नमक का सेवन करने से कैल्शियम की कमी हो सकती है, जिससे हड्डियां भी कमजोर हो जाती है। आगे चलकर यह ऑस्टियोपोरोसिस जैसी गंभीर समस्या में तब्दील हो जाती है। इसके कारण मांसपेशियों पर भी असर पड़ता है। ज्यादा नमक का सेवन करने से पसीना और यूरिन अधिक आता है इससे डिहाइड्रेशन जैसी समस्या हो जाती है।इसके कारण किडनी पर भी दबाव पड़ता है और किडनी की फंक्शनिंग भी खराब हो सकती है।

## सीनियर प्लेट ग्रुप में कवर्धा और बस्तर की शानदार जीत



सौरभ ने लिए 9 विकेट

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर प्लेट ग्रुप इंटर डिस्ट्रीक्ट मल्टी डे टुर्नामेंट 2025-26 का आयोजन 02 फरवरी से जारी है। जिसमें कवर्धा एवं दंतेवाडा के मध्य मैच दल्लीराजहरा में खेला गया। कवर्धा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।

दंतेवाडा ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 54 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर केवल 231 रन बनाए। दंतेवाडा की ओर से के पावन राजू ने 50 रन तथा तौफीक अहमद ने 37 रन बनाये। वहीं कवर्धा की ओर से सूर्यकांत तिवारी ने 4 तथा ओम कोसले ने 3 विकेट प्राप्त किये। कवर्धा ने अपनी पहली पारी में 76.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 419 रन बनाए। कवर्धा की ओर से नकुल धाकरे ने सर्वाधिक 109 रन तथा दिनेश दास मानिकपुरी ने 96 रन बनाये। दंतेवाड़ा की ओर से मदिरी एमोन ने सर्वाधिक 4 विकेट तथा जी शिवा ने 3 विकेट प्राप्त किए। दंतेवाड़ा ने अपनी दूसरी पारी में 16.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर केवल 47 रन ही बनाए। दंतेवाड़ा का कोई भी खिलाड़ी दहाई के अंक तक नहीं पहुंच पाया। वहीं कवर्धा की ओर से विकास यादव ने 6 विकेट तथा ओम कोसले ने 4 विकेट प्राप्त किए। कवर्धा ने मैच एक पारी तथा 141 रनों से जीत लिया।

इसी तरह कांकेर में तीन दिवसीय मैच बस्तर एवं कांकेर के मध्य खेला गया। कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बस्तर ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 94.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 347 रन बनाये। बस्तर की ओर से विवेक बोरकर ने सर्वाधिक 93 रन तथा अनस खान ने 69 रन बनाये। वहीं कांकेर की ओर से नितिन सिंह तथा सुक्कु मंडावी ने 3-3 विकेट प्राप्त किए। कांकेर ने अपनी पहली पारी 22.1 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 97 रन ही बनाए। कांकेर की ओर से अद्वैत ने 25 रन तथा ए नरेती ने 16 रनों का योगदान दिया। वहीं बस्तर की ओर से अब्दुल अनस खान ने 4 विकेट तथा सौरभ मजूमदार ने 3 विकेट प्राप्त किये। फॉलोऑन खेलने उतरी कांकेर की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 33.1 ओवरों में 179 रन ही बनाए। कांकेर की ओर से अदवैत ने सर्वाधिक 89 रनों का योगदान दिया। वहीं बस्तर की ओर से सौरभ मजुमदार ने 6 विकेट तथा अनस खान ने 2 विकेट प्राप्त किये। बस्तर ने मैच 71 रनों से जीत लिया।

#### आरके अकादमी हुडको की 154 रन से जीत

**भिलाई।** क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग की एकदिवसीय श्रृंखला के अंतर्गत आर के क्रिकेट अकादमी हुडको एवं क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजाके मध्य मैच खेला गया। जिसमे आरके अकादमी हुडको ने 154 रन से जीता। प्लेयर ऑफ द मैच आयुष हिमांशु रहे, जिन्हें क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी के मुख्य कोच शांतनु घोष के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी आर के क्रिकेट अकादमी हुडको 40 ओवर में आठ विकेट पर 305 रन और कार्तिक 83 रन बनाएं। आयुष हिमांशु ने 62 अनंत गुप्ता ने 50 रन बनाए। आलोक तिवारी ने 30 रन एवं आलम ने नॉट आउट 27 रन बनाए। गेंदबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी चरणदीप ने तीन विकेट, चंद्र भूषण ने दो, यशवर्धन एवं कृष मैत्री ने एक-एक विकेट लिया। एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी 151 रन पर आउट हुई। चंद्रभूषण ने 37 रन बनाए। चरणदीप ने नॉट आउट 32रन बनाए। सचिन साहू ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में आयुष हिमांशु ,अथर्व एवं राहुल यादव ने दो-दो विकेट लिए। मैच के अंपायर एस बाल राजू एवं डी जांगड़े स्कोरर पल्लवी एवं विनोद देवघरे थे।




कार्नर न्यूज

सैड मूड अब लोगों का पसंदीदा शगल बन गया

# बहुत से लोगों को उदासी भरे गीत पसंद आते हैं, हैरान रह जाएंगे इसके पीछे की मनोवैज्ञानिक वजहें जान कर

जीवन में सब कुछ सही चल रहा है, लेकिन फिर भी आपको सैड सॉन्ग ही पसंद आते हैं तो आपको इसके पीछे की असल वजह जरूर जाननी चाहिए। संगीत तो हर किसी पसंद है, पर किस तरह का संगीत आप के दिल को भाता है यह काफी हद तक आपके व्यक्तित्व पर निर्भर करता है। वैसे देखा जाए तो ज्यादातर लोगों को सैड सॉन्ग या कह लें कि दर्द भरे गाने सुनना अच्छा लगता है। खासतौर पर जब कोई व्यक्ति अकेला हो तो वो सैड सॉन्ग ही सुनना पसंद करता है। देखा जाए तो हममें से बहुत सारे लोगों की पसंदीदा गानों की लिस्ट में कुछ सैड सॉन्ग जरूर होते हैं। भले ही उनकी वास्तविक स्थिति से ऐसे गानों को कोई सरोकार न हो, पर इस तरह के गाने लोगों को खूब भाते हैं। ऐसे में कभी आपने सोचा है आखिर ऐसा क्यों होता है कि जीवन में सब कुछ सही चल रहा है, लेकिन फिर भी आपको सैड सॉन्ग ही पसंद आते हैं। अगर नहीं तो चलिए आपको इसके पीछे की असल वजह बताते हैं।

दरअसल, हमने इस बारे में आगरा की साइकोलॉजिस्ट डॉ. अजिता वर्मा से बातचीत की और उनसे मिली जानकारी यहां आपके साथ शेयर कर



रहे हैं। हमारी हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. अजिता वर्मा बताती हैं कि किसी गाने या किसी चीज विशेष के प्रति लगाव काफी हद तक व्यक्ति के मनोस्थिति पर निर्भर करता है। पर अगर ज्यादातर लोग एक ही चीज में रुचि रखते हैं तो इसकी वजह जानने के लिए उस चीज विशेष के प्रभाव को समझना होगा। जैसे कि सैड सॉन्ग या उदासी भरे गाने सुनने से व्यक्ति को जो खास अनुभव होता है, उसके चलते ऐसे गानों की लत लग सकती है। डॉ. अजिता वर्मा आगे बताती हैं कि सैड सॉन्ग पसंद आने की पीछे की वजह जानने के लिए आपको सैड सॉन्ग का मन-मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभाव को समझना होगा।

#### मन-मस्तिष्क पर पड़ता है गहरा प्रभाव

सैड सॉन्ग या दर्द भरे गानों की लिरिक्स और म्यूजिक आमतौर पर काफी प्रभावी होती है। आपने देखा होगा कि ऐसे गानों के बोले इतने हृदय स्पर्शी होते हैं इससे सुनते ही आपके मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है और आप बाकी दुनिया को भूल जाते हैं। बाकि दुनिया से यही अलगाव को बेहतर महसूस करता है और आप बार-बार इस तरह के गाने को सुनना पसंद करते हैं।

#### पुरानी यादों से जुड़ाव महसूस होता है

सैड सॉन्ग या दर्द भरे गाने लोगों को पुरानी यादों से जुड़ाव महसूस कराते हैं। ऐसे गाने सुनते ही आपको किसी व्यक्ति विशेष या किसी घटना विशेष की याद आ सकती है। भले ही उससे जुड़ा अनुभव जैसा भी पर वो याद आपको अपनापन महसूस कराती है और यही अपनापन आपको अच्छा लगता है।

#### खालीपन के अहसास को जगाना



हर व्यक्ति के मन में कुछ अधूरी ख्वाहिशें या किसी व्यक्ति विशेष के प्रति लगाव रहता है जो उन्हें खालीपन महसूस करता है। पर दुनियादारी और जिम्मेदारियों से घिरा व्यक्ति इस खालीपन को नजरअंदाज कर जी रहा होता है। ऐसे में जब अचानक सैड सॉन्ग या उदासी भरे गीत आपको सुनने को मिलते हैं तो यह खालीपन का अहसास जाग उठता है। यह अहसास आपको गाने से लगाव महसूस कराता है।

#### अभिव्यक्ति की खुशी महसूस होना

बहुत सारे लोगों के दिल में ऐसी कई तरह की भावनाएं और विचार चलते रहते हैं, जिन्हें वो चाह कर भी कभी अभिव्यक्त नहीं कर पाते हैं। ऐसे में जब किसी गाने के बोल के रूप में यही विचार सामने आते हैं तो लोगों को अभिव्यक्ति की खुशी महसूस होती है। यही अभिव्यक्ति की खुशी उस गाने विशेष को पसंद करने की वजह बन जाती है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अब प्यार में बदली लुईस और किम कार्दशियन की दोस्ती



मशहूर हॉलीवुड सेलिब्रिटी किम कार्दशियन और फॉर्मूला वन चैंपियन लुईस हैमिल्टन इन दिनों सुर्खियों में हैं। दोनों के बीच लव अफेयर की चर्चा फैंस के बीच होने लगी है। जानिए, दोनों के बीच के रिश्ते को शुरुआत कैसे हुई? अब तक दोस्त कहे जाने वाले किम कार्दशियन और लुईस हैमिल्टन रूमर्ड कपल माने जा रहे हैं, इनके इश्क में होने को लेकर अटकलें लग रही हैं। दरअसल, इन दिनों किम और लुईस के रिलेशनशिप को लेकर सोशल मीडिया पर खूब अफवाहें उड़ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक किम कार्दशियन और लुईस हैमिल्टन का रिश्ता दोस्ती से प्यार में बदल रहा है। आइए जानते हैं, लुईस हैमिल्टन और किम कार्दशियन के रिश्ते की टाइमलाइन।

किम और लुईस एक-दूसरे को काफी वक्त से जानते हैं। दोनों की पहली मुलाकात करीब एक दशक पहले हुई थी। साल 2014 से दोनों को अलग-अलग इवेंट्स और मौकों पर साथ देखा जाता रहा है। किम जब रैपर कान्ये वेस्ट के साथ शादी में थी तो कई बार लुईस हैमिल्टन से मिलीं।

दरअसल, लुईस हैमिल्टन की उन दिनों सिंगर निकोल शेर्जिंगर को डेट कर रहे थे। ऐसे में हॉलीवुड के म्यूजिक इवेंट्स में दोनों अपने-अपने पार्टनर के साथ आते थे। यहीं से किम और लुईस के बीच दोस्ती बढ़ी। समय के साथ इनकी दोस्ती और मजबूत होती गई। अब फैंस को लग रहा है कि दोनों का लव अफेयर चल रहा है। हालांकि दोनों ने अभी तक अपने रिश्ते को लेकर कोई खुलासा नहीं किया है। लेकिन उनकी नजदीकियां प्यार में होने का इशारा कर रही हैं।

### टॉलीवुड

## आदिवी शेष की 'डकैत' की बदली रिलीज डेट, 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' बनी वजह



19 मार्च 2026 को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त क्लैश देखने को मिलेगी। क्योंकि इस दिन बॉक्स ऑफिस पर दो बड़ी फिल्में 'टॉक्सिक' और 'धुरंधरः द रिवेंज' रिलीज होने वाली हैं। दोनों ही फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है। इन्हीं फिल्मों के साथ 19 मार्च को आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की 'डकैतः एक प्रेम कथा' भी रिलीज होनी थी। लेकिन अब 'डकैत' के मेकर्स ने इस क्लैश से बचने के लिए अपनी फिल्म आगे बढ़ा ली है।

'टॉक्सिक' और 'धुरंधरः द रिवेंज' जैसी बड़ी फिल्मों की टक्कर से बचने के लिए 'डकैत' के मेकर्स ने फिल्म की रिलीज आगे बढ़ाने का फैसला किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 19 मार्च को रिलीज होने वाली 'डकैत' अब 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फैसले की वजह 'टॉक्सिक' और 'धुरंधर 2' जैसी फिल्मों की क्लैश से होने वाले नुकसान से बचना है। ताकि 'डकैत' लंबे समय के लिए सिनेमाघरों में बनी रहे और दर्शक जुटाती रहे। 'डकैत' के निर्माताओं ने दोनों फिल्मों और उनकी क्रिएटिव टीमों के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय इसलिए लिया गया ताकि फिल्म को उसका उचित स्थान मिले और दर्शक प्रत्येक फिल्म को अपने-अपने तरीके से अनुभव कर सकें। शेनिल देव द्वारा निर्देशित 'डकैत' की कहानी एक ऐसे गुस्सैल कैदी की कहानी है, जो अपनी धोखा देने वाली पूर्व प्रेमिका से बदला लेना चाहता है। यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म में आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर के अलावा अनुराग कश्यप और प्रकाश राज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। पिछले साल दिसंबर में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया गया था।

### भोजपुरी

## अक्षरा ने एब्स दिखाकर लूट लिया मजमा जिम वाली फोटोज ने मचाई सनसनी




भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं, जहां वो पोस्ट शेयर करके अपने फैंस को अपडेट देती रहती हैं। अब उन्होंने जिम में पसीना बहाते हुए अपनी फोटोज शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। उनके एब्स देखकर हर कोई हैरान है। फैंस का कहना है कि वो बिहार की शेरनी और भोजपुरी क्वीन हैं। इन फोटोज को देखकर ऐसा लग रहा है कि अक्षरा सिंह छत पर ओपन जिम में वर्कआउट कर रही हैं। इस दौरान वो पोज देना नहीं भूलीं। उन्होंने अपनी टोन्ड बॉडी और ऐप्स भी फ्लॉन्ट किए। अक्षरा के पोस्ट पर फैंस ने खूब प्यार लुटाया है। एक ने कहा, 'बिहार की शेरनी और मेरी फेवरेट आर्टिस्ट। मेरी बचपन की क्रश।' दूसरे ने कहा, 'मैम हमेशा रानी की तरह दिखती हैं।' एक और ने कहा, 'बेबी डॉल।' अक्षरा सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'तू करे तो सबकुछ अच्छा, मैं करूं तो गंदी हूं। अरे वाह गाना याद है ना??' ये कैप्शन देख कुछ यूजर्स पूछ रहे हैं कि आखिर उन्होंने किस पर निशाना साधा है।

कुछ दिन पहले ही अक्षरा ने नफरत करने वाली रील शेयर की थी। इसमें बैकग्राउंड में डायलॉग चल रहा है, 'किसी को नफरत है मुझसे, कोई प्यार कर बैठा, किसी को यकीन नहीं मुझपे, कोई ऐतबार कर बैठा।




जनवरी के आखिर में मेन्स फैशन वीक ऑटम-विंटर 2025-2026 खत्म हो चुका है। अब फैशन मैगजीन लक्सस ने आने वाले सर्दियों के मौसम के लिए पुरुषों के वॉर्डरोब में आने वाले मुख्य ट्रेंड्स को रीकैप किया है। जिसमें फर से लेकर पिंक और डेंडी स्टाइल शामिल हैं। यहां बड़े फैशन कैपिटल्स ने बारी-बारी से अपने ऑटम-विंटर 2025-2026 मेन्स शो पेश किए।

## ब्राइडल मेहंदी को इस तरह दें पर्सनलाइज टच

शादी की अहम रस्मों में मेहंदी लगाने का रिवाज निभाया जाता है। ब्राइडल मेहंदी अपने आप में खास होती है। यही कारण है कि लड़कियां मेहंदी के डिजाइन पर खास ध्यान देती हैं। आखिर ब्राइडल मेहंदी का स्पेशल होना तो बनता है। क्या आप अपनी ब्राइडल मेहंदी को पर्सनलाइज टच देना चाहती हैं? ताकि आपकी मेहंदी और भी सुंदर लगे। आज हम आपके लिए ऐसे ही कुछ आइडियाज लेकर आए हैं जिन्हें आप अपनी मेहंदी डिजाइन के लिए चुन सकती हैं। ऐसा माना जाता है कि हमारे जोडियक साइंस हमारी जिंदगी को कुछ हद तक प्रभावित करते हैं। इनका हमारी लाइफ में अहम रोल होता है। इसलिए दूल्हा दुल्हन के राशि भी देखी जाती है। क्या आपकी भी शादी होने वाली है? मेहंदी रस्म में बस कुछ ही दिन बाकी हैं और आप चाहती हैं कि आपकी ब्राइडल मेहंदी सबसे अलग और मीनिंगफुल हो? तो ऐसे में आप अपने हाथों पर अपना और अपने पार्टनर का जोडियक साइन बन सकती हैं। आप सिंबल को अपने हिसाब से डेकोरेट भी करवा सकती हैं ताकि वह कर सुंदर दिखे। लीजिए बन गई आपकी ब्राइडल मेहंदी स्पेशल।



अगर आपको शायरी लिखने और पढ़ने का शौक है तो आपको यकीनन यह आइडिया जरूर पसंद आएगा। आप अपनी ब्राइडल मेहंदी में अपने पार्टनर को कोई शायरी डेडिकेट कर सकती हैं। मेहंदी को यूनीक टच देने के लिए आप चाहें तो हिंदी इंग्लिश के बजाय कोई दूसरी भाषा में भी शायरी लिखवा सकती हैं। शायरी नहीं तो केवल आई लव यू भी एक अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए आपकी इस स्टाइल की ब्राइडल मेहंदी सभी को जरूर पसंद आएगी।

पर्सनलाइज्ड मेहंदी के लिए शानदार आइडियाज

लव स्टोरी के एलिमेंट्सः अपनी पहली मुलाकात, प्रपोजल वाली जगह (जैसे टावर ब्रिज) या पहली ट्रिप की यादों को मेहंदी में उतरवाएं।

अनोखे चित्रः वर-वधू के चेहरे, उनके जोड़े, या पसंदीदा कार्टून (जैसे अलादीन-जैस्मीन) के चित्र बनवाएं।

नाम और तारीखः मेहंदी के डिज़ाइन में वर-वधू का नाम, शादी की तारीख, या हैशटैग शामिल करें।

निजी संदेशः अपनी हथेलियों पर अपने पार्टनर के लिए कोई प्यारा नोट, कविता, या उनकी पसंदीदा लाइन लिखवाएं।


पालतू जानवर या शौकः यदि आपके पास पालतू जानवर है, तो उनका चित्र या अपने पसंदीदा शौक (हॉबी) को शामिल करें।

अनोखे प्रतीकः मंडप, गठबंधन, या मंगलसूत्र जैसे विवाह के प्रतीकों का प्रयोग करें।

प्रो टिपः एक कुशल मेहंदी आर्टिस्ट के साथ मिलकर अपनी कहानी को डिजाइन में पिरोएं और इन छोटे-छोटे व्यक्तिगत तत्वों को जोड़कर इसे और भी यादगार बनाएं!

## शादियों में पहनिए ऐसे लहंगे जो रहते हैं हमेशा चलन में





फिलहाल सर्दियां लौटने की राह पर हैं और शादियों का मौसम है। ऐसे में अगर बात करें महिलाओं की तो हर महिला को लहंगा पहनना बेहद पसंद है। ऐसे में आप शादियों में पहनने के लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। आज हम आपको लहंगे के कुछ लेटेस्ट डिजाइन दिखाने जा रहे हैं, ताकि आप अभी से अपने लिए लहंगा तैयार करा सकती हैं। अगर आप अभी से अपना लहंगा तैयार करा लेंगी तो आपको शादियों पर अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### फिशकट गोल्डन लहंगा

अगर आप कुछ अलग बनवाने का सोच रही हैं तो इस तरह का फिशकट लहंगा आपके लिए एक बेहतर विकल्प है। ये देखने में स्टाइलिश लगता है।

### हैवी वर्क वाला ब्लू लहंगा

हिना खान का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। इस तरह के लहंगे में आप खूबसूरत के साथ आप अपना ग्लैमरस अंदाज भी दिखा सकती हैं।

### पीले रंग का लहंगा देगा अलग लुक

इस तरह का लहंगा देखने में काफी क्लासी लगता है। कियारा आडवाणी का ये लहंगा लुक देखने में काफी प्यारा लग रहा है। आप उन्हीं की तरह लहंगा बनवा सकती हैं।

### सिल्क फैब्रिक में हैवी लहंगा

अगर आपको सिल्क फैब्रिक का लहंगा पसंद है तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। सिल्क के फैब्रिक में आजकल ऐसा हैवी वर्क का लहंगा भी काफी चलन में है। ये देखने में काफी प्यारा लगता है।

### करिश्मा का इंडो वेस्टर्न लहंगा लुक

अगर आप लहंगे के साथ इंडो वेस्टर्न लुक कैरी करना चाहती हैं तो करिश्मा कपूर का लहंगा एक बेहतर विकल्प है। इसके लिए आपको लहंगे के दुपट्टे को खास अंदाज में कैरी करना है।

### ब्राउन रंग का सिल्क लहंगा

वैसे तो त्योहारों में चटक रंग पहनने का रिवाज है लेकिन बहुत सी लड़कियां और महिलाएं लाल, पीला और हरा रंग पहनना पसंद नहीं करतीं।

## हर मेकअप प्रोडक्ट के लिए इस्तेमाल होता है अलग ब्रश

आज के समय में चाहे पुरुष हो या महिला, हर किसी की जिंदगी में मेकअप की काफी अहम भूमिका होती है। मेकअप करने से सिर्फ खूबसूरती में चार चांद नहीं लगते, बल्कि साथ में इसके इस्तेमाल से लोगों का आत्मविश्वास भी बढ़ जाता है। अगर आपको मेकअप करना आता है तो आप पूरी तरीके से अपने लुक में बदलाव ला सकते हैं। दरअसल, सही से मेकअप करना एक कला है, ऐसे में ठीक कला की ही तरह मेकअप के लिए भी सही प्रकार के ब्रश की जरूरत पड़ती है। अगर आप मेकअप के दौरान गलत ब्रश का इस्तेमाल करेंगे तो इससे आपका मेकअप बिगड़ सकता है।

### फाउंडेशन ब्रश

लिक्विड फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से लिए सबसे पहले फाउंडेशन ब्रश का ही इस्तेमाल करना चाहिए। इस ब्रश की मदद से फाउंडेशन बराबर मात्रा में फैलता है और फ्लोलेस कवरेज देता है। फाउंडेशन ब्रश की मोटाई अच्छी खासी होती है और इसे ब्रिसल्स मुलायम व लचीले होते हैं।



### फैन ब्रश

जब मेकअप करते वक्त चेहरे पर अतिरिक्त पाउडर लग जाता है तो ये ब्रश इसे हटाने में मदद करता है। यह आकार में फैन की तरह चपटा होता है, इसलिए इसे फैन ब्रश बोलते हैं।

### आईशैडो ब्रश

अगर आपको आई मेकअप करना पसंद है तो आईशैडो ब्रश के बारे में आपको पता होना बेहद जरूरी है। आईशैडो के लिए अलग-अलग प्रकार के ब्रश आते हैं। ऐसे में इन्हें अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें।

## फटी-पुरानी लेगिंग्स भी हैं बड़े काम की



आपको बस थोड़ी-सी मेहनत करनी होगी और आप पुरानी लेगिंग्स को नए-नए तरीके से घर में इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर आप क्राफ्ट और आर्ट्स में शौक रखती हैं, तब यह आपके बाएं हाथ का खेल होगा। आइए आपको पुरानी लेगिंग्स को दोबारा इस्तेमाल करने के तरीके बताएं।

### लेगिंग्स से बनाएं लैंपशेड्स

अगर आपके पास कोई प्रिंटेड लेगिंग पड़ी है, तो उसे फेंकने से अच्छा है कि अपने लैंप को सजा सकती हैं। आप उस पुरानी लेगिंग्स से एक खूबसूरत लैंपशेड बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं लैंपशेड

अपनी लेगिंग्स के दोनों पैरों को अलग-अलग काटकर रख लें। एक हिस्से को स्ट्रेच करें और फिर अपने लैंप पर एक किनारे पर ग्लू से चिपका दें। अप कपड़े को लैंप के चारों ओर लपेट लें। इसके बाद फिर से ग्लू से इसे अच्छी तरह से चिपका लें। ध्यान रखें कि आप इसे लगाते हुए 1 सेंटीमीटर का मार्जिन छोड़ें। इस तरह से आप एक फैब्रिक से दो लैंपशेड्स का डेकोर कर सकती हैं।

### लेगिंग्स से बुना हुआ फ्लोर मैट बनाएं

आपने देखा होगा, आजकल कुछ चटाई वाले घर आकर आपके पुराने कपड़े मांगते हैं और फिर आपके लिए सुंदर से फ्लोर मैट तैयार कर देते हैं। ये बुने हुए फ्लोर मैट काफी ट्रेंड में हैं और बैठने के लिए काफी अच्छे और मोटे होते हैं। आप लेंगिग्स से ये फ्लोर मैट आसानी से बना सकती हैं।

### कैसे बनाएं बुना हुआ फ्लोर मैट

आपके पास 2-3 अलग-अलग तरह की या प्रिंट वाली लेगिंग्स है, तो आपका काम आसानी से हो जाएगा। इसके अलावा आप कोई पुरानी साड़ी, कपड़ा, बच्चों की टी-शर्ट और कोई भी कपड़ा इसके साथ जोड़ सकती हैं। लेगिंग्स को फाड़कर लंबी स्ट्रिप्स में अलग-अलग कर लें। इसके बाद हर सिरे को दूसरे सिरे से बांधें, ताकि आप गुंथकर एक लंबी स्ट्रैंड तैयार कर सकें।

कार्नर न्यूज

मेंसवियर में कम विकल्प के बावजूद लेटेस्ट फैशन जरूर अपनाएं

## कार्गो पैंट पहनना हो तो याद रखिए जरूरी स्टाइलिंग टिप्स, लोग करेंगे तारीफ

पुरुषों के पास कपड़ों में वैरायटी कम होती है। लेकिन फिर भी विकल्प कई होते हैं। जैसे पैंट्स में ही उन्हें कई ऑप्शन मिल जाते हैं। बस इन ऑप्शन में से अपने लिए कोई खास चुनना होता है। इसमें ऐसा चुनाव करना होता है जो आप पर अच्छा लगे और मौके के हिसाब से भी ठीक हो। कार्गो पैंट्स भी इन्हीं में से एक हैं। लेकिन ज्यादातर पुरुष इन्हें हैंगआउट जैसे मौकों के लिए ही रखते हैं। लेकिन कार्गो के लिए सिर्फ मौके की नहीं स्टाइलिंग की भी जरूरत होती है।

मतलब कार्गो पहननी है तो आपको स्टाइलिंग के कुछ खास विकल्पों को सीखना और समझना होगा, तब ही आप बेस्ट रिजल्ट पा सकेंगे। कार्गो को स्टाइल करने के लिए किन बातों का ध्यान रखना होगा, जानिए-

तीन तरह की कार्गो पैंट्स में क्लासिक यूटिलिटी पैंट्स, कार्गो जॉगर्स और स्किनी कॉम्बाट ट्राउजर्स चलन में है।

### स्लिम और स्ट्रेट कट

कार्गो पैंट्स अक्सर ढीले पैटर्न में बनी होती हैं। इस वजह से ये हर बॉडी





टाइप पर सूट नहीं करती हैं। जबकि इस वक्त सबसे बेहतरीन कार्गो पैंट्स वो हैं जो स्लिम या फिर स्ट्रेट कट में बनी हों। ओवरसाइज़ कार्गो पैंट्स भी काफी पसंद की जा रही है लेकिन इतनी ढीली नहीं होनी चाहिए कि आप मजाक ही बन जाएं। इसलिए अपनी हाइट और पर्सनालिटी को देखते हुए स्ट्रेट, स्लिम या ओवरसाइज़ में से चुनाव करें।

### फैब्रिक हो ऐसा

कार्गो के स्टाइल और पैटर्न पर तो बात हो गई लेकिन इसके फैब्रिक के बारे में भी जान लीजिए। काग्रो में हमेशा कॉटन या कार्डरे मटेरियल ठीक रहता है। आप इन्हीं में से चुनाव करें।

### कार्गो पैंट्स और स्टाइल

कार्गो का स्टाइल मिलिट्री जैकेट्स के साथ सबसे अच्छा लगता है। लेकिन कार्गो के साथ मिलिट्री जैकेट पहनकर ऐसा लगता है मानो अभी-अभी मिशन से आए हों। इसलिए इन पैंट्स के साथ डेनिम जैकेट का कॉम्बिनेशन कीजिए। इसके साथ हाइकिंग बूट्स पहनिए। ये लुक आप पर बहुत अच्छा लगेगा। गर्मी का मौसम है तो इस वक्त ओवरसाइज़ टीशर्ट और सफ़ेद स्नीकर्स भी पहने जा सकते हैं।

### क्या हों खासियत

एक कार्गो पैंट में कुछ खासियतें होनी चाहिए जैसे- प्लीटेड फ्रंट, बेहतरीन हेम और कलर में म्युटेड टोंस हो।

### टी शर्ट का साथ

कार्गो पैंट्स के साथ शर्ट नहीं लेकिन टी शर्ट बेहतरीन लगती है। टी शर्ट में भी चंकी क्रू नेक कार्गो के साथ अच्छी लगती है। इसके साथ टर्टल नेक टी शर्ट भी कार्गो के अथ अच्छे से मैच होती है।

